

हिन्दी दैनिक पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,रविवार | 02 मार्च 2025 | वर्ष : 03 अंक :59 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### उन्हें उर्दू नहीं आती तो वे साइंटिस्ट क्यों नहीं बने, योगी के कठमुल्ला वाले बयान पर ओवैसी का पलटवार



एजेंसी

**नई दिल्ली:**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उर्दू पर की गई हालिया टिप्पणियों को लेकर सियासत तेज है। इसी कड़ी में योगी के कठमुल्ला वाले बयान पर अक्टक्ट प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का भी बयान आया है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इससे साफ है कि यूपी के सीएम को उर्दू नहीं आती। लेकिन वे वैज्ञानिक क्यों नहीं बने इसका जवाब तो वही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम जिस विचारधारा से आते हैं, उस विचारधारा से किसी ने भी इस देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। योगी पर हमला जारी रखते हुए ओवैसी ने कहा कि वह गोरखपुर से आते हैं। रघुपति सहाय 'फि राक' भी उसी गोरखपुर से आते हैं। वह एक प्रसिद्ध उर्दू कवि थे, लेकिन वह मुस्लिम नहीं थे। यह (टिप्पणी) उनकी बौद्धिक क्षमता है। योगी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का उर्दू में अनुवाद करने की मांग करने के लिए मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था,

## सीएम नीतीश कुमार ने जन्मदिन के मौके पर टीचरों को दिया तोहफा,

# 59 हजार विशिष्ट शिक्षकों को बांटे नियुक्ति पत्र

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में सक्षमता परीक्षा-2 पास चुनिंदा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में भाषण के दौरान सीएम ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को मंच पर खड़ा करवा दिया।**

एजेंसी

**पटना:**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में सक्षमता परीक्षा पास चुनिंदा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार समेत कई अन्य मंत्री और नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने अपने भाषण के बीच शिक्षा मंत्री को उनकी कुर्सी से खड़ा होने के लिए कह दिया। जब सुनील कुमार खड़े नहीं हुए तो सीएम ने उन्हें थोड़ा सख्त लहजे में तुरंत खड़े होने को कहा। फिर मंत्री अपनी कुर्सी पर खड़े हुए और मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि ठीक से सभी जगह काम करवाइए।पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण पटना, भोजपुर, जहानाबाद, वैशाली और सारण जिले के 20-20 नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए




गए। सीएम नीतीश ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को सरकारी टीचर बनने का मौका दिया है। पहली सक्षमता परीक्षा में 1.87 लाख शिक्षक उत्तीर्ण हुए। इसके बाद दूसरी सक्षमता परीक्षा में 66 हजार टीचर पास हो गए।पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण पटना, भोजपुर, जहानाबाद, वैशाली और सारण जिले के 20-20 नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। सीएम नीतीश ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को सरकारी टीचर बनने का मौका दिया है। पहली सक्षमता परीक्षा में 1.87 लाख शिक्षक उत्तीर्ण हुए।इसके बाद दूसरी सक्षमता परीक्षा में 66 हजार टीचर पास हो गए।पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण पटना, भोजपुर, जहानाबाद, वैशाली और सारण जिले के 20-20 नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। सीएम नीतीश ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को सरकारी टीचर बनने का मौका दिया है। पहली सक्षमता परीक्षा में 1.87 लाख शिक्षक उत्तीर्ण हुए।इसके बाद दूसरी सक्षमता परीक्षा में 66 हजार टीचर पास हो गए।

## 74 साल के हुए नीतीश, सीएम ने दी शुभकामनाएं; अशोक चौधरी ने चढ़ाया लड्डू



एजेंसी

**पटना:**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को 74 साल के हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने नीतीश को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। राज्य के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा सीएम को बर्थडे विश करने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने गुलदस्ता देकर सीएम नीतीश को जन्मदिन की बधाई दी। दूसरी ओर, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के कार्यकताओं में नीतीश के जन्मदिन पर खासा उत्साह नजर आया। सीएम के करीबी एवं मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर में नीतीश के 75वें जन्मदिन के मौके पर 75 किलो का लड्डू चढ़ाया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर ढेरों शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में राज्य विकास के नए पथ पर अग्रसर हुआ है। ईश्वर उन्हें स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करे।" वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पोस्ट कर लिखा कि नीतीश के नेतृत्व में बिहार में एनडीए जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बना है। उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की मंगलकामना करते हैं।सीएम नीतीश लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जन्मदिन की बधाई देने पर उनके प्रति आभारभी व्यक्तकिया। बता दें कि नीतीश का जन्म 1 मार्च 1951 को नालंदा जिले के बख्तियारपुर में हुआ था। मार्च 2000 में वे पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। हालांकि, उस समय महज 7 दिन ही पद पर रहे।2005 में नीतीश ने दोबारा बिहार की कमान संभाली। तब से अब तक वे बिहार की राजनीतिक का केंद्र बिंदु बने हुए हैं। प्रदेश में भले ही एनडीए या महागठबंधन, किसी की भी सरकार हो, सीएम नीतीश ही होते हैं। अब तक वे 9 बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी एनडीए नीतीश के नेतृत्व में ही चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है।

## पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, एंटी-स्मॉग गन पर जोर, दिल्ली में प्रदूषण रोकने को लेकर सरकार का बड़ा फैसला



एजेंसी

**नई दिल्ली:**राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बड़ी बैठक की। बैठक के बाद मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल, कुछ बड़े कार्यालय परिसर, दिल्ली हवाई अड्डा, बड़े निर्माण स्थल हैं। हम उन सभी के लिए अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।' हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। मंत्री ने आगे बताया कि हम दिल्ली के सभी होटलों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। इसी तरह, हम इसे सभी व्यावसायिक परिसरों के लिए अनिवार्य बनाने जा रहे हैं। हमने आज निर्णय लिया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। सिरसा ने पर्यावरण विभाग, एमसीडी और एनडीएमसी के साथ बैठक की।

## पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, अमित शाह बोले- आपके नेतृत्व में एनडीए...

एजेंसी

**पटना:**बिहार में इन दिनों विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर बयानबाजी जारी है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम के अलावा भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं ने उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की है। नीतीश कुमार को बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नीतीश कुमार को टैग करते हुए लिखा, "बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को उनके जन्मदिन पर ढेरों शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में राज्य विकास के नए पथ पर अग्रसर हुआ है। ईश्वर उन्हें स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करे।"वहीं, अमित शाह ने कहा, "बिहार



के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में बिहार में ठऊअ जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बना है। आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की मंगलकामना करता हूं।"केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार की प्रगति में उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं उनके दीघार्यु होने की और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।"नितिन गडकरी लिखते हैं, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं।"नीतीश कुमार का जीवन परिचयबिहार में 'सुशासन बाबू' के नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च, 1951 को पटना के बख्तियारपुर में हुआ था। उनके पिता राम लखन सिंह स्वत्रंता सेनानी और एक गांधीवादी नेता थे। नीतीश कुमार ने बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पटना से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। राम मनोहर लोहिया,

## नीतीश के बेटे की सियासी एंट्री पर पशुपति पारस की रालोजपा बोली- निशांत चुनाव लड़ें

एजेंसी

**पटना:**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में आने को लेकर अटकलें तेज हैं। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) ने कहा है कि अगर निशांत कुमार राजनीति में आते हैं, तो स्वागत है। रालोजपा एवं दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि सीएम नीतीश के बेटे को बिहार विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर नीतीश की



पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) को कमजोर करके खत्म करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया।रालोजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि बीजेपी की साजिश से जेडीयू के विधायक और बड़े नेता चिंतित हैं। इसलिए जेडीयू के कई वरिष्ठ नेता और विधायक चाहते हैं कि निशांत कुमार आकर पार्टी की बागडोर संभालें, ताकि जदयू के अस्तित्व को बचाया जा सके। अग्रवाल ने बुधवार को हुए नीतीश कैबिनेट के विस्तार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसमें दलितों, अन्य पिछड़ी जातियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया।

## चावल-गेहूं, मक्का-मखाना सब्जी और फूल में आगे बढ़ा बिहार; आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े सुखद

एजेंसी

**पटना:**कृषि क्षेत्र में राज्य की 75 फीसदी आबादी नियोजित है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी यह महत्वपूर्ण योगदाता बना हुआ है। शुक्रवार को विधानमंडल में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार बिहार का कृषि प्रक्षेत्र काफी तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2022-23 में फसल क्षेत्र 6.7 फीसदी, मात्स्यिकी एवं जलकृषि 11.1 फीसदी और पशुधन 2.7 फीसदी की दर से बढ़ा है। कृषि, वानिकी और मात्स्यिकी क्षेत्र का



राज्यगत मूल्यवर्धन में 20.2 प्रतिशत योगदान है।बिहार में 2022-23 में 54.6 प्रतिशत जमीन का उपयोग फसलों के उत्पादन के लिए हुआ। वर्ष 2022-23 में शुद्ध बुआई क्षेत्र 5112.8 हजार हेक्टेयर था, जो 2019-20 से 2022-23 के बीच के चार वर्षों में खेती करने वाली जमीन का सर्वाधिक हिस्सा था। इस दौरान फसल उत्पादन काफी बढ़ गया। राज्य में फसल प्रतिरूप में अनाजों के उत्पादन का वर्चस्व बरकरार है। राज्य में अनाजों की खेती वाली जमीन का क्षेत्रफल 7.1 फीसदी बढ़ा। रेशेदार फसलों की खेती 10.6 फीसदी बढ़ा। बिहार में खरीफ में धान और रबी फसल चक्र के प्रमुख हिस्से हैं। वर्ष 2023-24 में कुल चावल उत्पादन 9522.9 हजार टन था।

## 40 साल राजनीति करने के बाद समझ आया पलायन रोका जा सकता है; लालू यादव पर प्रशांत किशोर का तंज




एजेंसी

**पटना:**जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहा है, वैसे-वैसे बिहार में सियासी दलों के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एक बार फिर से आरजेडी पर हमला बोला है। राजद सुप्रीमो लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 40 साल राजनीति करने के बाद उन्हें पलायन की याद आ रही है, कह रहे है कि पलायन रोका जाएगा। लेकिन कैसे ये नहीं बताया।प्रशांत किशोर ने कहा कि पूंजी, बुद्धि और श्रम के पलायन को रोकने की योजना जन सुराज के पास है, हम लोग सिर्फ कह नहीं रहे कि पलायन रोकेंगे, बल्कि ये भी बता रहे हैं कि कैसे रोकेंगे। हम लोग वहीं बात करते हैं, जिसे पूरा कर सकें, अगर जन सुराज को मौका मिले। हम झूठ नहीं बोलेंगे, वोट मिले या न मिले। हम लोगों ने जो पांच वादे किए हैं, वो जरूर पूरे कर देंगे। सोच-समझकर वादे किए गए हैं। लालू जी को 40 साल राजनीति करने के बाद आज पलायन की याद आ रही है।प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज ने जो पांच वादे किए हैं, उनका गहन अध्ययन पहले ही किया गया है। हम यह कहते हैं कि हम पलायन रोकेंगे। हमारे पास तर्क है कि हम इसे कैसे करेंगे। बिहार से बाहर जा रही पूंजी के पलायन को रोका जाएगा, जिससे धीरे-धीरे बुद्धि और श्रम का पलायन भी रुक जाएगा। हमारे वादे साफ हैं।जिस दिन बिहार में पलायन रुक जाएगा,

## खटारा सरकार क्यों चलेगी? नीतीश के जन्मदिन पर भी नहीं रुके तेजस्वी,

# बधाई की जगह कस दिया तंज

एजेंसी

**पटना:**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज जन्मदिन है। राजनीति, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों की बड़ी बड़ी हस्तियों की ओर से उन्हें बधाई मिल रही है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज भी नीतीश कुमार उनकी सरकार को उलाहना दी है। उनकी सरकार को जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा बताते हुए हटाने की बात कही है। हालांकि इस ट्वीट को लेकर ट्रोल हो रहे हैं। इससे पहले तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भी नीतीश कुमार पर हमला किया था। बजट सत्र में भाग लेने विधानसभा पहुंचे तेजस्वी ने नीतीश कुमार को ओल्ड मॉडल बताया।शनिवार को तेजस्वी यादव ने सुबह सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट



डाला। उन्होंने लिखा कि बिहार में साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है क्योंकि वो ज्यादा धुंधा फेंकती है, प्रदूषण बढ़ाती है, जनता के लिए हानिकारक है। तो फिर की साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी वर्षों की नीतीश सरकार ने विगत साल में बिहार के हर गली-हर टोला-हर गाँव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है।तेजस्वी यादव ने लिखा है कि नीतीश-भाजपा सरकार ने ???? वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया। अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है। अब इसे बदलना अति आवश्यक है। बिहार के युवाओं ने ठान लिया है कि अब ???? साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई अविश्वसनीय नीतीश-?????? सरकार को हटा कर एक नई सोच, नए विजन, नए जोश और नयी दिशा वाली युवा एवं नौकरी-रोजगार व विकास कार्यों को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है तथा नया बिहार बनाना है।दरअसल विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में माहौल अभी से ही गर्म है। सत्ता पर काबिज होने की होड़ में पक्ष और प्रिपक्ष हमले का एक भी मौका नहीं छोड़ना चाहते। तेजस्वी यादव काफी समय से नीतीश कुमार पर विरोधात्मक टिप्पणी करते रहते हैं। जन्मदिन पर भी वे नीतीश कुमार पर जुबानी प्रहार से नहीं चूके।

# हाथ बांधकर दो युवकों को मारी गोली,

## छपरा में डबल मर्डर का सनसनीखेज मामला, जांच के लिए एसआईटी गठित

- छपरा के जलालपुर में दो युवकों की गोली मारकर हत्या,
- मृतकों की पहचान फारुख और अशरफ के रूप में हुई.
- सारण पुलिस ने प्रेम प्रसंग की रंजिश की आशंका जताई.






**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण जिले के जलालपुर में दो युवकों की हत्या से हड़कंप मच गया है. इस सनसनीखेज मामले के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों युवकों को हाथ बांधकर गोली मारने की आशका जताई जा रही है. मामला जलालपुर ..छपरा. बिहार के छपरा के जलालपुर के मकनपुर गांव से दोहरे हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है.यहां दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी जिससे हड़कंप मच गया है. घटना में बड़ी बात यह है कि अपराधियों ने हाथ बांधकर गोली मारी जो चौंकाने वाला है.मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के जीएस बंगरा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पश्चिम मकनपुर पोखड़े के पास की है. बताया जा रहा है कि शनिवार को सुबह में मॉर्निंग वाक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे दो शव देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी.बताया जा रहा है कि दोनों युवक किसी शादी में शामिल होने की बात कह कर निकले थे और लापता थे. सुबह दोनों की हत्या की बात पता चली जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई.दोनों मृतकों की पहचान सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा गांव निवासी ईद मोहम्मद के 30 वर्षीय पुत्र फारुख तथा सकरीद के 25 वर्षीय पुत्र अशरफ के रूप में की गई है.हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई.वहीं शव की पहचान के बाद पुलिस द्वारा इसकी सूचना उसके परिवार वालों को दे दी गई है.स्थानीय मोहम्मद तुफैल ने बताया कि दोनों के शव जीएस बंगरा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पश्चिम मकनपुर पोखड़े के पास तब मिली जब शनिवार को सुबह में मॉर्निंग वाक पर निकले लोंगो ने सड़क किनारे दो शव देखा.जिसके बाद वहां भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई. लोगों ने देखा कि दो युवकों की हत्या कर शव को फेंक दिया गया है. वहीं, घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है.एसपी डॉ कुमार आशीष ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथमदृष्टया प्रेम प्रसंग की रंजिश की बात सामने आ रही है.घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची है.अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस निरीक्षक थानाध्यक्ष के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे.इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एकमा के नेतृत्व में रक्ळ (विशेष अनुसंधान दल) का गठन किया गया है. घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी में भी घटनास्थल का मुआयना किया और कहा कि पुलिस इस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है. घटना के सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के पड़ोसी नूर आलम ने बताया कि दोनों युवक घर से शादी में शामिल होने की बात कह कर निकले थे और लापता थे. सुबह दोनों की हत्या की बात पता चली इसके बाद वे पुलिस के संपर्क में आए.


# जिला स्तरीय कृषि यांत्रिक मेला का आयोजन



**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बेगुसरायःजिला कृषि कार्यालय, बेगूसराय के प्रांगण में जिला स्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक सह- प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, खोदावंदपुर, वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान केन्द्र, विष्णुपुर, बेगूसराय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सभी सहायक निदेशक एवं प्रगतिशील कृषक श्री जयशंकर कुमार तथा श्री राम कुमार सिंह के द्वारा सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि कृषि यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत कुल 75 तरह के कृषि यंत्र 40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक अनुदान पर बिहार सरकार, कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।इच्छुक कृषक कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन करते है, तत्पश्चात लॉटरी उपरान्त स्वीकृति पत्र निर्गत किया जाता है। स्वीकृति पत्र प्राप्त कृषक अपने इच्छानुसार बिहार सरकार, कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत यंत्र विक्रेताओं से यंत्र का क्रय करते है। बेगूसराय जिला अन्तर्गत कृषि यांत्रिकरण योजना में लॉटरी के माध्यम से कुल 2173 कृषकों को विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें से 1763 कृषकों द्वारा कृषि यंत्र क्रय किया जा चुका है, शेष कृषकों द्वारा कृषि यंत्र क्रय किया जा रहा है। स्वीकृति पत्र प्राप्त कृषकों द्वारा कृषि यंत्र मेला से बाहर भी कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत यंत्र विक्रेता से क्रय करने हेतु स्वंतत्र होते हैं।

# कांग्रेस भवन बेगूसराय में कांग्रेसियों ने किया डॉ. राजेंद्र प्रसाद को नमन



**जला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बेगुसरायः भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई डॉ. प्रसाद ने स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
वे एक सशक्त सेनानी व नेता के रूप में उभरे थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सानिध्य में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निरंतर लड़ते रहे। ये बातें जिला उपाध्यक्ष रामविलास सिंह ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए जिला कांग्रेस भवन में आयोजित देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पुण्यतिथि के अवसर पर अपनी संबोधन में कही।वहींउपाध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा राजेंद्र बाबू संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में सामाजिकजिला कांग्रेस कमिटीप्रगति के प्रतीक संविधान के मूल अधिकार मूल कर्तव्य देश के नीति निर्देशक और गरीबों के उत्थान के प्रति सदैव चिंतित रहा करते थे।वहीं जिला प्रवक्ता रणजीत कुमार मुखिया ने कहा प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू दोनों मिलकर भारत को एशिया महादेश के अग्रणी पंक्ति में स्थापित किया उस दौर में जब अंग्रेजी हुकूमत द्वारा देश को शून्य पर छोड़ गया था।मौके पर जिला महासचिव कुमार गौरव राजू, नगर कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, प्रबुद्ध कार्यकर्ता कैलाश राय, नंदकिशोर शर्मा , अंजनी कुमार, अर्जुन चौरसिया, निरंजन कुमार, नवल प्रसाद सहित अन्य कांग्रेसियों ने राजेंद्र प्रसाद के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों पर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में शिवरात्रि मेले के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित, बच्चों को बांटे गिफ्ट



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में शिवरात्रि मेले के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधानसभा प्रत्याशी ने बच्चों के बीच गिफ्ट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर समाजसेवी सुरेन्द्र गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। गिफ्ट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रत्याशी ने कहा कि बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहित करना समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है, क्योंकि यही बच्चे भविष्य में देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।मौके पर स्थानीय गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी मौजूद थे

# बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैंडबाजे के साथ निकाली गयी कलश शोभायात्रा



**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

खोदावंदपुर / बेगूसरायःखोदबनपुर बाबा भीड़ स्थान धर्मगाछी, मेघौल के प्रांगण में श्री पराशर धाम निर्माण समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा सह अष्टयाम यज्ञ को लेकर शुक्रवार को बैंड बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ श्री पराशर धाम, धर्मगाछी से बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर पहुंची और मेघौल पंचायत के पछियारी टोल का भ्रमण करते हुए बूढ़ीगंडक नदी के शिवाला घाट पहुंची, जहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया, उसके बाद पुनः शोभायात्रा मेघौल गांव का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचकर संपन्न हो गया. इस
कलश शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं शामिल थे. इसकी जानकारी देते हुए श्री पराशर धाम निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि आमजनों के सहयोग से बाबा भीड़ स्थान धर्मगाछी, मेघौल में श्री श्री 1008 श्री बजरंगबली जी का प्राण प्रतिष्ठा सह अष्टयाम यज्ञ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 28 फरवरी को कलश शोभायात्रा व नगर भ्रमण किया गया और एक मार्च को अग्नि स्थापन व यज्ञारम्भएवं दो मार्च को श्री बजरंगबली जी का प्राण प्रतिष्ठा व अष्टयाम यज्ञ
आरंभ तथा तीन मार्च को यज्ञ पूणाहुति व प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया जायेगा. इसकी सारी तैयारी पूरा कर लिया गया है. इस शोभायात्रा में थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह, सरपंच उषा कुमारी, पंसस प्रतिनिधि मनीष सिंह, ग्रामीण उमाशंकर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, दिलीप सिंह, केदारनाथ सिंह, कैलाश सिंह, गोपाल ठाकुर, अरुण कुमार, शैलेन्द्र मोहन ठाकुर समेत अनेक सदस्य व ग्रामीण शामिल थे ।

# इनर व्हील क्लब सारण ने सर्वाइकल कैंसर के लिए कार रैली द्वारा जागरूकता अभियान में भाग लिया



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

छपराःइनर व्हील क्लब आम्रपाली पटना द्वारा आयोजित, अपराजिता आरोग्यम कार रैली हेल्थ इज वेल्थ 1 मार्च से 7 मार्च वूमेंस डे वीक के तहत इनर व्हील क्लब सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने 13 अन्य क्लबों के साथ भाग लिया। यह रैली संजय गांधी जैविक उद्यान,पटना से शुरू होकर अटल पथ, हड़ताली मोड़ होते हुए मरीन ड्राइव गोलंबर पर समाप्त किया गया ।सभी क्लबों ने अपनी अपनी गाड़ियों पर बैनर और स्लोगन के माध्यम से लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास किया । इस रैली का मकसद महिलाओं में हो रहे सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना था ।इस बात की जानकारी क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दिया ।

# भाजपा नेता कृष्णनंदन सिंह ने एसडीओ को सौंपा स्मारपत्र



**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

तेघड़ा / बेगुसरायःएसडीओ राकेश कुमार के निर्देश पर पिछले शुक्रवार से तेघड़ा बाजार की अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने लिए तेघड़ा नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी किशोर कुणाल एवं सीओ रविरंजन की उपस्थिति में तेघड़ा पुलिस बल के सहयोग से बुलडोजर चलाया जा रहा है। हालांकि इस अभियान से पहले प्रशासनिक स्तर पर नोटिस जारी किया गया बाजार के वैसे दुकानदार जो सरकारी भूमि का अतिक्रमण किये हुए हैं, उनको स्वयं अतिक्रमण मुक्त करने को कहा गया। बावजूद प्रशासनिक आदेश का अवहेलना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।एक दिन पूर्व गुरुवार को कैंची मोड के पास बरसों से बसे दर्जनों भूमिहीन महादलित और अति पिछड़ा परिवार के घरों को भी जेसीबी से हटाया गया था और क्षतिग्रस्त किया गया था। जिसमें सरकारी पर्चा धारी भी शामिल हैं। इसी को लेकर भाजपा नेता कृष्णनंदन सिंह ने 29 फरवरी शुक्रवार को कैची मोड़ के दर्जनों महिलाओं के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार से मिलकर अतिक्रमण मालेमें स्थानीय लोगों की इससे जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर स्मार पत्र सौपा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से एसडीओ से अनुरोध किया कि अनुमंडल पदाधिकारी के पत्र के आलोक में तेघड़ा बाजार में अस्थाई दुकान जैसे फल, सब्जी सहित फुटकर विक्रेता को हटाया जाए, लेकिन अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत मकान और दुकान को तोड़ा जा रहा है। सरकारी भूमि पर पड़ने वाले मकान और दुकान को भी तोड़ा जाए इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। इस अभियान में नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा एकरूपता नहीं बरती जा रही है, अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान बाजार के किसी एक छोर से शुरू किया जाए और एक तरफ से सड़क पर बनी सभी मकान और दुकान को हटाया जाए, कैची मोड पर महादलित परिवार के मकान को तोड़ दिया गया है। इससे पहले परिवार को पर्चा देकर उसे बसाने कीव्यवस्था होनी चाहिए थी। तेघड़ा बाजार पश्चिम चौक (झंडा चौक) से तैलिक समाज भवन तक जमीन का पैमाइश कर सड़क को भी अतिक्रमण मुक्त भी कराया जाए।

# सीतामढ़ी पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही,

# 5 बच्चों को करवाया गया मुक्त




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी : बाल श्रम एवं बाल तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सीतामढ़ी पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के द्वारा वरीय पुलिस उपाधीक्षक सह नोडल पदाधिकारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट मो ० नजीब अनवर के निर्देशन में सोनबरसा थाना क्षेत्र में बाल श्रम व बाल तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही कर पांच बच्चों को मुक्त करवाया गया है। दरसल सोनबरसा थाना क्षेत्र के अलग अलग दुकान में नेपाल सहित अन्य जिला से नाबालिग बच्चो को लाकर बाल श्रम करवाने की सूचना मिली थी जिसके उपरांत वरीय पुलिस उपाधीक्षक मो नजीब अनवर के निर्देशन में गठित टीम का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह सदस्य एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट , सुशील कुमार सिंह ने किया । वही टीम में शामिल एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के प्रतिनिधि मुकुंद कुमार चौधरी, सोनबरसा थाना के सब इंस्पेक्टर श्याम जी कुमार , एपीओ शिव शंकर ठाकुर एवं पुलिस टीम ने बाल श्रम के खिलाफ सोनबरसा थाना क्षेत्र के अलग अलग प्रतिष्ठानों से कुल 5 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया है।इस संदर्भ में पुलिस निरीक्षक सह सदस्य एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट , सुशील कुमार सिंह ने बताया की मुक्त करवाए गए बच्चे नेपाल , मुजफ्फरपुर एवं सीतामढ़ी जिला के रहने वाले है ।बाल श्रम एवं बाल तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान जिलाभर में चलाया जायेगा ।विदित हो की इन मुक्त बच्चों को आगे की प्रक्रिया व आवश्यक करवाई हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है साथ ही इन बच्चों से बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है । इस संदर्भ में वरीय पुलिस उपाधीक्षक ( मुख्यालय) सह नोडल पदाधिकारी मो० नजीब अनवर ने बताया की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के बीच सहयोगात्मक प्रयास बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ निरंतर थाना क्षेत्र के दुकानों प्रतिष्ठानों में की जा रही कारवाई का उद्देश्य बच्चो को बाल श्रम से बचाने एवं समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा कर बाल श्रम एवं बाल तस्करी मुक्त थाना क्षेत्र की परिकल्पना साकार करना है , साथ ही बाल श्रम किसी भी हाल में थाना क्षेत्र के दुकान प्रतिष्ठानों में बर्दास्त नही किया जाएगा बाल श्रम करवाने पर प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## फीडर मेंटेनेंस को लेकर आज दरौली में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति रविवार को दरौली में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी ।बाधित रहेगी

दरौली, सिवानः फीडर मेंटनेंस को लेकर रविवार को दरौली में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त बात की जानकारी कनीय अभियंता धनंजय कुमार देते हुए बताया कि दो मार्च रविवार रघुनाथपुर स्थित लौकीपुर ग्रिड से फीडर मेंटेनेंस का कार्य होगा। जिससे दरौली में रविवार को नौ बजे पूर्वाह्न से एक बजें अपराह्न तक 33 केबीएच विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय अभियंता धनंजय कुमार ने लोगों से अपील किया कि इस समयावधि में बिद्युत सम्बन्धित कार्य कर ले।

# सरकारी प्रावधानों के विपरीत चल रहा प्राक्य प्रशिक्षण केंद्र, प्राचार्य की भी नहीं सुन रहे निदेशक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी शहर के श्री राधा कृष्ण गोयंका कॉलेज के प्राचार्य डॉ टीपी सिंह ने बिहार स्टेट बैकवर्ड क्लासेस फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के वित्त परामर्शी सह लेखा पदाधिकारी को एक पत्र लिखकर राधा कृष्ण गोयंका कॉलेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राक्य प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक डॉ गुलाब सिंह पर नियमों की अवहेलना एवं कागजी खानापूर्ति कर पैसे के बंदरबाट के संबंध में शिकायत की है जिसमें बताया गया है बाहरी शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों के नाम पर कक्षा संचालन की जानकारी निदेशक के द्वारा देकर पैसे की उगाही की जा रही है जबकि इसका कोई भी साक्ष्य प्राचार्य के समक्ष नहीं दी जा रही है। साथ ही विगत 5 वर्षों में प्राप्त राशियों की कोई उपयोगिता एवं शिक्षकों को दिए मानदेय भुगतान का




कोई भी सूचना निदेशक से मांगने पर नहीं दिया जा रहा है जिससे प्राक्य प्रशिक्षण सहित महाविद्यालय की छवि विवादित और धूमिल होती जा रही है इसको लेकर पूर्व में प्राचार्य के द्वारा कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया था बावजूद ठोस जवाब निदेशक डॉ गुलाब सिंह के द्वारा नहीं दिया गया है जिसके कारण निदेशक के कार्य संचालन पर भी गंभीर सवाल खड़ा हो रहा है साथ ही उन्होंने इस मामले में छात्र-छात्राओं के बायोमेट्रिक उपस्थिति और पढ़ाने वाले शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की मांग करने के साथ ही प्राक्य प्रशिक्षण के नए निदेशक की नियुक्ति के लिए खुला विज्ञापन देने की मांग समाज कल्याण विभाग से की है और निदेशक की मनमानी के खिलाफ कारवाई की मांग की है। प्राचार्य ने पत्र में लिखा है कि निदेशक मनमाने ढंग से बिना प्राचार्य के कोई सलाह और निर्देश के ही गोपनीय तरीके से व्यापक पैमाने पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर कॉलेज और प्राक्य प्रशिक्षण केंद्र की छवि को धूमिल कर रहे इसको लेकर उन्होंने संबंधित शिकायत की एक प्रति समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव,सीतामढ़ी के डीएम रिची पांडे और सीतामढ़ी के जिला कल्याण पदाधिकारी को भी भेजी है और उचित कार्रवाई की मांग की है।

# मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ* आयोजन। ।

सभी सार्वजनिक स्थानों यथा सरकारी शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, सिनेमा हॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सहित अन्य स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध।

बच्चों को तम्बाकू की लत से बचाना सरकार की प्राथमिकता

शिक्षण संस्थानों के आस पास तम्बाकू उत्पाद बेचने पर होगी कड़ी दंडात्मक करवाई

जिला प्रशासन एवं पुलिस उल्लंघनकर्ताओ के खिलाफ चलाएगा अभियान

ड्ड सभी सरकारी कार्यालयों में तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश

ड्ड तंबाकू नियंत्रण हेतु गठित त्रिस्तरीय छापामार दस्ता को सीड्स के तकनीकी सहयोग से दिया गया प्रशिक्षण।

तंबाकू मुक्त समाज को लेकर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों,मीडिया प्रतिनिधियों आदि को दिलाई शपथ।

जिले को तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की मुहिम शुरू करनी है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।-- जिलाधिकारी

मधुबनीः 01, मार्च समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अरविन्द



कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राज्य सरकार की तकनीकी सहयोगी संस्था सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के सहयोग से आयोजित तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गठित त्रिस्तरीय छापामार दस्ता का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पदाधिकारी ने समस्त जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि हमलोगों को अपने जिले को तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की मुहिम शुरू करनी है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। जिला पदाधिकारी ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिले में त्रिस्तरीय छापामार दस्ते के गठन का निर्देश देते हुए सभी सदस्यों को शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के अंदर अवस्थित सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटवाते हुए नियमित रूप से छापामारी करने का निर्देश दिया। सार्वजनिक स्थानों और सरकारी दफ्तरों में तम्बाकू सेवन करने वालों को दण्डित किया जायगा. जिला पदाधिकारी ने सभी सार्वजनिक स्थानों पर कार्यालय में तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया. ।उन्होंने बताया कि तम्बाकू सेवन एक खतरनाक आदत है जहां छोटे-छोटे बच्चे हैं वहां तो स्थिति और भी अधिक नाजुक बन जाती है।तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाए जाने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक स्थानों यथा सरकारी शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, सिनेमा हॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सहित अन्य स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है।

समाज के लोगों को आना होगा। :

जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी सामाजिक संस्थानों एवं मीडिया जगत को इस अभियान में सहयोग की अपील की है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान को सफल करने के लिए और अधिक प्रयास करनी होगी। समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने हेतु कार्य करने होंगे।लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि तंबाकू को समाप्त करने समाज के लोगों को आगे आना होगा. जिला पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयास से आज इस कार्यक्रम को पंचायत स्तर तक चलाने की जरूरत है।तंबाकू मुक्त समाज को लेकर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों,मीडिया प्रतिनिधियों आदि को शपथ भी दिलाई ।तम्बाकू नियंत्रण अभियान में सामाजिक संस्थानों को आना होगा आगे.......सिविल सर्जनसिविल सर्जन डॉ हरेन्द्र कुमार ने कहा कि इस अभियान को सफल करने के लिए और अधिक प्रयास करनी होगी।समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने हेतु कार्य करने होंगे।

# डीएम ने दिया शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के निर्देश



मोहम्मद सदरे आलम नौमानी

सीतामढ़ीः डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मध निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में की गई, बैठक में प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर समीक्षा की गई जिसमें जिले के सभी थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिले में जब्त की गई शराब का शीघ्र विनष्टीकरण करने के निर्देश दिए गया साथ ही, आगामी पर्व होली को लेकर सीमावर्ती प्रखंडों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया, ताकि अवैध शराब की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शराबबंदी कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और जिले में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने, गश्त बढ़ाने और अवैध शराब बिक्री व तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। साथ ही शराब कारोबारी द्वारा पकड़े गए वाहनों को ससमय नीलामी करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर संजीव कुमार, डीएसपी मुख्यालय नजीब अनवर, अधीक्षक मद निषेध के साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे

# हुसैनगंज में हुआ डिस्ट्रिक्ट लेवल स्पोर्ट्स गेम, 14 स्कूल के बच्चे लिए भाग

## मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ स्कूल के बच्चें

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

संवाददाता हुसैनगंजहुसैनगंज प्रखंड मुख्यालय के खेल मैदान में शनिवार को प्राईवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट लेवल स्पोर्ट्स मीट 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी दिव्य प्रकाश व जिला स्कूल संघ के अध्यक्ष प्रभात चंद्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर खेल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हुसैनगंज प्रखंड सहित आंदर व जीरादेई प्रखंड के 14 स्कूल के बच्चें खेल में अपनी सहभागिता निभाई। खेल में ऑरेंज रेश,स्पून रेश, शाक रेश, 100 मी. रेश, कबड्डी व क्रिकेट का आयोजन किया गया।बीआरसी के बीपीएम शिवम्कुमार, बीआरपी एम के वर्मा, परमहंस पांडेय द्वारा प्रतिभागियों




को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं मैच में कमींटेटर शकिल अहमद व दिनेश कुमार तथा एम्पायर परवेज अहमद थे। मुख्य भूमिका के रूप में बशीर हुसैन, साना फातमा, अखिलेश सिंह, सुनिल कुमार, समीर सिद्दीकी, सलामुद्दीन अहमद, शाहनवाज अख्तर, अजय कुमार, आदित्य राज, आशिष कुमार, जीशान अहमद, अमन कुमार सहित अन्य शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एकमा थानान्तर्गत दहेज हत्या के आरोप में 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

छपरा,दिनांक-28.02.25 एकमा थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थानान्तर्गत कोहरगढ़ गांव के चवर में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन हेतु घटनास्थल पर पहुँचने के उपरांत पाया गया कि एक शव उक्त स्थल के पास पड़ा हुआ है। अग्रतर कार्रवाई के क्रम में उक्त शव का शिनाख्त नीतू कुमारी, पति- चंदन राम, साकिन कोहरगढ़, थाना एकमा, जिला- सारण के रूप में की गयी। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, छपरा में कराया गया है एवं घटनास्थल की जाँच ऋछ टीम द्वारा करायी गयी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में मृतिका के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर 03 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध एकमा थाना कांड सं0-80/25, दिनांक 28.02.25, धारा- 80/238/3 (5) बी०एन०एस० दर्ज कर 06 घंटे के अंदर ही 01 प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। कांड में संलिप्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता :-1. कामेश्वर राम, पिता स्व० मरैय राम, साकिन कोहरगढ़, थाना एकमा, जिला- सारण।

# सीताराम महायज्ञ के लिए आज दोन में निकाली जाएगी कलश यात्रा,




**विशेष संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

रोजनामा इंडो गल्फ, विशेष संवाददाता,दरौली/सिवान

सीता राम महायज्ञ के लिए आज दोन में निकाली जाएगी कलश यात्रा

दरौली, सिवानः- प्रखंड क्षेत्र के दोन में रविवार से शुरू हो सीताराम महायज्ञ के लिए दो मार्च रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लगभग 11 हजार महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हों दरौली सरयू तट जल भरेंगे। उक्त बात की जानकारी महायज्ञ समिति सदस्य अनिल तिवारी देते हुए बताया कि रविवार को आठ पूर्वाह्न से दोन स्थित जय तिवारी व पालकी ब्रह्म स्थान मंदिर से कलश यात्रा शुरू होगी लगभग आठ किलोमीटर यात्रा कर श्रद्धालु दरौली सरयू तट पर विधि पूर्वक जल भरेंगे। कलश यात्रा के साथ हाथी-घोड़े, बैंड-बाजा, कीर्तन मंडली शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि वृंदावन से रासलीला व वाराणसी से मानस प्रवक्ता अद्वैतानंद जी व मानस कोकिला सुश्री आस्था दुबे श्रद्धालु को रामचरित मानस का रसपान कराएंगे। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस अवसर पर महायज्ञ समिति सदस्य दिनेश तिवारी, कृष्ण बिहारी तिवारी, विनय चंद श्रीवास्तव, लाल बाबू मिश्रा, खजांची सिंह, अमित सहाय, राजेन्द्र भगत, विद्या सागर भगत, हरिओम तिवारी व नवीन पांडेय उपस्थित उन।

# नीतीश कुमार जी को जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




**मोहम्मद सदरे आलम नौमानी**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप स्वस्थ रहें और बिहार के समग्र विकास में अपना योगदान देते रहें ।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# जनता दरबार में 52 मामलों में 2 का हुआ निपटारा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना परिसर में शनिवार के भूमी संबधी विवादों के निपटारे को आयोजित जनता दरबार में 48 मामलों में 2 का निपटारा किया गया। मामले में अचल निरीक्षण अनिल शर्मा ने बताया कि भूमी संबधी विवादों के निपटारे को प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर जनता दरबार आयोजित किया जाता है जिसमें सुनवाई करते हुए पहले से लंबित 48 मामलों में सुनवाई करते हुए 2 का निपटारा किया गया वहीं 4 नया मामला दर्ज कराया गया जिसमें विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत किया गया।

# मशरक थाने पहुंचे डीआईजी और एसपी, किया निरीक्षण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना परिसर में शनिवार की दोपहर 1 बजें सारण डीआईजी नीलेश कुमार और एसपी डॉ कुमार आशीष ने दल बल के साथ पहुंच डीएसपी कार्यालय, इंस्पेक्टर कार्यालय और थाना परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। वहीं उन्होंने थानाध्यक्ष कक्ष में सभी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और विभिन्न कांडों की समीक्षा की , हालांकि मीडिया से कुछ भी बताने से परहेज किया गया।

# 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जिला संवाददाता**




**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के जयनगर, 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के तत्वावधान में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मां जानकी मंदिर, फुलहर, ए समवाय गणगौर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर (सिविलियन ओपीडी - टउअ-01) का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था।इस शिविर में कुल 95 मरीजों ने अपनी जाँच करवाई, जिसमें 32 पुरुष, 46 महिलाएँ और 17 बच्चे शामिल थे। मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी परामर्श व आवश्यक दवाएँ निःशुल्क प्रदान की गईं।इस शिविर में मुख्य रूप से डॉ. अश्विनी कुमार सिंह (अउ/टड), 20वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सीतामढ़ी (अतिरिक्त प्रभार - 48वीं वाहिनी, जयनगर) ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सशस्त्र सीमा बल का आभार व्यक्त किया।कार्यवाहक कमांडेंट श्री विवेक ओझा (उप कमांडेंट) 48 वीं वाहिनी ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा इस तरह के सामाजिक कल्याणकारी कार्यों से सीमावर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है।

# जनता दरबार में पहुंचे चार फरियादी, दो का हुआ निष्पादन

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर।जिले के वारिसनगर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी रत्नेश्वर दास ने किया। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आज के जनता दरबार में नया और पुराने मामले को लेकर कुल चार फरियादी पहुंचे हुए थे, जिसमें से दो फरियादियों का निष्पादन कर दिया गया। शेष दो फरियादियों को अगले जनता दरबार में बुलाया गया है।

# नगर भवन, मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में सक्षमता 2 उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

नगर भवन, मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में सक्षमता 2 उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण। ------ ज़िला के सभी प्रखंड मुख्यालयों में कुल 3576 शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच विशिष्ट शिक्षक के नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों में खुशी उनके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई पड़ रही थी।----- नगर भवन, मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में सक्षमता 2 उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। ज़िला स्तरीय उक्त समारोह का उद्घाटन ज़िलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा किया गया। गौरतलब हो कि आज पूरे ज़िले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में कुल 3576 शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच विशिष्ट शिक्षक के नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस कड़ी में नगर भवन में आयोजित ज़िला स्तरीय मुख्य समारोह में रहिका, राजनगर और पण्डौल के चयनित कुल 100 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अपने संबोधन में ज़िलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने शिक्षकों को देश और समाज को दिशा देने वाला बताया। उन्होंने अपने स्कूली दौर को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार बच्चों के मन में अपने शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति अपार श्रद्धा समाई रहती है। बच्चे हमेशा अपने गुरूजनों का अनुसरण करते हैं। ऐसे में शिक्षकों को अपने व्यक्तित्व को भी उसी ज्ञान और शील की प्रतिमूर्ति के रूप में गढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा की शिक्षकों का प्रभाव केवल कक्षा तक ही सीमित नहीं रहता। बल्कि, कक्षा और विद्यालय की चारदीवारी के बाहर भी छात्र और अभिभावक उनकी ओर आशा और अपेक्षाओं भरी नजर से देखते हैं। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षकों से बच्चों के बीच ज्ञान और समझ के बेहतर वातावरण निर्माण हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया और चेतना सत्र के बेहतर इस्तेमाल पर बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधान परिषद सदस्य श्री घनश्याम ठाकुर ने शिक्षकों के हित में सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों का ज़िक्र किया और अपनी शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों में खुशी उनके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई पड़ रही थी। शिक्षक शिवनारायण मिश्र, मोहन कुमार, नीति सिंह, मनीष कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए सरकार का इसके लिए धन्यवाद दिया।-उक्त अवसर पर ज़िला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम, ज़िला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अश्वनी कुमार, ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन, विमलेश कुमार चौधरी, ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक मणिभूषण, ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वशिक्षा शुभम् कसौधन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक कुमार ने किया।

# ओबीसी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन मुख्यालय का उद्घाटन



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ओबीसी मंडलीय कार्यालय माधुरी चौक समस्तीपुर में ओबीसी रेलवे इम्प्लाइज एसोसियेशन के मुख्यालय शाखा का गठन किया गया। बैठक का उदघाटन मंडल मंत्री महेश कुमार ने मंडल कमीशन के जनक एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री बिहार बी पी मंडल एवं संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ने किया जिसमें मुख्यालय शाखा का सर्वसम्मति से गठन किया गया।
चंदन कुमार यादव, शशि कुमार, शंभू साह, अजीत कुमार, अमरवीर सिंह यादव, संतोष कुमार, विश्वजीत्व कुमार विद्यार्थी, सुनील कुमार, चंदन कुमार, प्रभात रंजन, नवीन कुमार शर्मा, विक्की कुमार, विभूति कुमार गौतम, मिट्ठू साह को प्रभार दिए गये। मौके पर मंडल कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार, विनोद यादव, शिवलाल यादव, अजय कुमार मंडल कैलाश राय, विजय चौरसिया, वेद प्रकाश सिंह, कुंदन कुमार, सचिन कुमार आदि उपस्थित थे।

## अपराध नियंत्रण और कर्तव्य विफलता को लेकर थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, एसपी ने दी जानकारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**



एसपी (ग्रामीण) सारण द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर अपराध नियंत्रण व कर्तव्य विफलता के लिए पुलिस निरीक्षक अजय कुमार थानाध्यक्ष मशरक को लाइन क्लोज करने के लिए सारण एसपी के द्वारा डीआईजी छपरा को अनुशंसा भेजी गई थी।एसपी डॉ कुमार आशीष ने शनिवार की शाम 5 बजें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि उनके आदेशानुसार पुलिस निरीक्षक अजय कुमार थानाध्यक्ष मशरक को तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज किया गया है और विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध 07 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

# प्रधानमंत्री आवास में नाम जोड़े जाने के नाम पर अगर किसी आवास सहायक ने रिश्वत लिया तो होगी कार्रवाई : बीडीओ



**जिला संवादादाता** **रोजनामा इंडो गल्फ** **एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सोमनाहा पंचायत का प्रधानमंत्री आवास में नाम जोड़े जाने को लेकर निरीक्षण करते हुए पेंडिंग लाभार्थियों का एनपीसीआई कार्य का निरीक्षण के साथ-साथ नाम जोड़े जा रहे लाभार्थियों का सत्यापन किया। साथ में आवास सुपरवाइजर कैलाश कुमार, विकास मित्र, आवास सहायक सुजीत कुमार आदि जगह-जगह मौजूद थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 16 लाभार्थियों के घर का नाम जुड़वाया इन सबों के घर झोपड़ी के थे।साथ - साथ गांव भ्रमण के क्रम में प्रखंड विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली करने वालों को चेतावनी दी ऐसे लोग पकड़े जाने पर जेल की सलाखों में भेजे जाएंगे। ग्रामीणों से कहा कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर अविलंब सूचित करें।

# राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस के अवसर पर पीएचसी में बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस के अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हैदर की अध्यक्षता में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सभागार में प्रखंड क्षेत्र के 29 पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविकाओं व महिला पर्यवेक्षिका का राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के उन्मुखीकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चार मार्च को सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर 01 वर्ष से 05 बर्ष के बच्चों एवं 06 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चे जो स्कूल नही जाते हैं व स्कूल में एल्वेंडजोल की गोली खिलाई जाएगी। साथ ही छूटे हुए बच्चों के लिए 07 मार्च को मॉप-अप चक्र के तहत दवा खिलायी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। मौके पर यूनीसेफ प्रखंड प्रतिनिधि शंकर सुमन, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, महिला पर्यवेक्षिका पूजा भारती, अंजू कुमारी, सेविका मीनाक्षी प्रिया, रिंकु कुमारी, पुष्पा कुमारी, सरस्वती कुमारी, शबनम कुमारी व अन्य सेविका उपस्थित थी।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय पद स्थापन पत्र मिलने से खानदान में खुशी की लहर,



**विशेष संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 (समय-समय पर यथा संशोधित) के परिप्रेक्ष्य में बतौर विशिष्ट शिक्षक श्री अनवर अली को सिवान के प्रखंड हुसैनगंज के विद्यालय निगजमा में पदस्थापित होने पर बिहार सरकार को तथा शिक्षा विभाग को श्री अनवर अली के खानदान वालों ने बहुत -बहुत मुबारकबाद पेश किया साथ ही श्री अनवर अली के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए उनके अपनों ने बहुत सारा मुबारकबाद पेश किया है बताते चले की मास्टर अनवर अली एक कुशल अनुभवी शिक्षक हैं पिछले कई वर्षों पहले शिक्षामित्र के द्वारा उनकी बहाली हुई थी परंतु एक होनहार होने के वजह से सरकार के द्वारा अन्य मापदंड को पूरा करते हुए आज सिवान के हुसैन गंज ब्लाक अंतर्गत एक सरकारी विद्यालय में श्री अनवर अली को बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली के तहत पदस्थापित किया गया है उनके पदस्थापित होने पर डॉक्टर सरवर जमाल एवं श्री कुतुबुद्दीन अहमद पूर्व सरपंच, जफर इकबाल,शोएब अख्तर,कैसर जमाल,सैयद जमा, फिरोज अख्तर,मोहसिन ताहिर,जुनैद अख्तर, सकलेन ताहिर, नियाज अहमद, सहित खानदान के बड़े और छोटों मैं खुशी की लहर देखी गई,

# बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं ने मूल्यांकन केंद्रों का किया दौड़ा

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



समस्तीपुर। शनिवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं की एक टीम ने समस्तीपुर जिला मुख्यालय के गोल्फ फील्ड रेलवे कॉलोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय घोष लेन, आरएसबी इंटर विद्यालय उत्तरी भाग तथा आर एस बी इंटर विद्यालय दक्षिणी भाग मूल्यांकन केंद्रों का दौड़ा किया, जहां इंटर की सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 28 फरवरी से चल रहा है। शिक्षक नेताओं ने वहां प्रतिनियुक्त मूल्यांकन केंद्र निदेशकों, समन्वयकों, प्रधान परीक्षकों, सह - परीक्षकों, चेकरों - मेकरों, एमपीपी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों से मिलकर उनका हालचाल जाना। शिक्षक नेताओं ने अपने दौड़े के क्रम में सभी शिक्षकों से अपील की कि वे सरकार की शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट रहें। मूल्यांकन केंद्र के दौड़े में गोल्फ फील्ड रेलवे कॉलोनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, समस्तीपुर के पूर्व प्राचार्य, बि मा शिक्षक संघ के राज्य मूल्यांकन परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय पटना के सीनेट सदस्य शाह जफर इमाम, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामदेव राय, उच्च माध्यमिक विद्यालय साख मोहन के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रिय रंजन ठाकुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय ताजपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश पौद्दार, शिक्षक घनश्याम पंडित एवं बाबू प्रसाद शर्मा सहित कई शिक्षक नेता शामिल थे। विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन केंद्र निदेशकों - बलवंत प्रसाद, राम नरेश झा, डॉ ललित कुमार घोष एवं डॉ मनोज कुमार झा ने शिक्षक नेताओं के दौड़े के दौरान उनका सहयोग किया। शिक्षक नेताओं ने मांग की कि मूल्यांकन में प्रतिनियुक्त मूल्यांकन केंद्र निदेशकों, समन्वयकों, प्रधान परीक्षकों, सह - परीक्षकों, चेकरों - मेकरों, एमपीपी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए निर्धारित पारिश्रमिक की राशि में विगत पांच वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। बढ़ती मंहगाई के अनुरूप पारिश्रमिक की राशि बढ़ाई जानी चाहिए।

# युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

प्रखंड संवाददाता,ताजपुर / समस्तीपुरः - - 05 मार्च को पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में युवा राजद द्वारा प्रस्तावित युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला समस्तीपुर संगठन उजियारपुर के जिला प्रधान महासचिव मो माहताब अलम (विक्की)की अध्यक्षता में बैठक मोरवा के विधायक रणविजय साहू के आवासीय परिसर में की गई जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव सभी ने एक स्वर कार्यक्रम को सफल बनाने पे निर्णय लिया। इस बैठक में कौशलेंद्र कुमार, संतोष यादव, मो राजा, सुजीत यादव, मो मजहर, नूर आलम जी, पूंज्य कुमार, मनोज कुशवाहा, रजनीश कुमार, अनिल कुशवाहा, शशि रंजन ईत्यादि युवा साथी मौजूद थे।

# ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र सब्जी मंडी में सब्जी का रेट कुछ इस प्रकार रहा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखंड संवाददाता,ताजपुर / समस्तीपुर : - - जिले के ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र मोतीपुर सब्जी मंडी में सब्जियों के दामों में उतार चढ़ाव के साथ शनिवार को मोतीपुर सब्जी मंडी ( ताजपुर ) पर नजर डालते हुए सब्जी मंडी से मिली जानकारी के मुताबिक सब्जी उतार चढ़ाव के साथ कुछ इस तरह रहा : - - कोभी - 10/12 , मटर - 20/22 , केला मुठिया - 18 , केला मालभोग - 32 , केला भोस - 25/32 , बथुआ सांग - 10 , विन्श - 15 , मिर्च हरा - 35/40 , बैंगन गुलाबी - 8 , बैंगन हरा - 10 , बैंगन भाटा - 10 , टमाटर - 3/6 , बन्धा - 2/3 , मूली - 15/10 , धनिया - 15 , लाल सांग - 20/22 , पालक - 8/10 , चुकुनदर 12 , आदी - 45 , निंबू - 100किलो ,

# स्कूल में ताला काटकर कंप्यूटर प्रिंटर सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित नगदी की चोरी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। जिले के पूसा थाना क्षेत्र के दिघरा पंचायत के कल्याणपुर गौरा स्थित पूसा ताजपुर मुख्य सड़क पर ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की रात चोरों ने ताला काटकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। विद्यालय के संचालक विभूति कुमार ने बताया कि विद्यालय के कंप्यूटर लैब में लगे चार कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, ई रिक्शा का चार्जर, एमप्लीफायर, इंडक्शन चूल्हा सहित ऑफिस में रखें कार्यालय खर्च सहित अन्य मद की रखा पैसा को चोर लेकर चंपत हो गया। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने सुबह फोन के माध्यम से विद्यालय के संचालक को दी। इधर जानकारी मिलते ही मौके पर पूसा थाना की टीम, इंस्पेक्टर ताजपुर, जिला से आई डीआयू की टीम ने पहुंचकर सैंपल इकट्ठा किया है और तकनीकी सहित कई बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया है। विद्यालय संचालक एक पत्रकार भी है। इसको लेकर इस घटना की चर्चा आसपास में काफी तेजी से हो रही हैं। वहीं स्थानीय लोग इसे कई तरीके से देख रहे हैं। जानकारी यह भी हो कि बीते महीने की 11 तारीख को इसी गांव में एक विद्यालय सहित एक घर में चोरों ने चोरी किया था। जानकारी यह भी हो कि स्कूल से 10 सेट कंप्यूटर यूपीएस की ही चोरी चोरों ने की थी यदि पुलिस उसे वक्त सजग होती तो घटना पर रोक लगा सकती थी, लेकिन पुलिस की कार्यशाली सवाल के घेरे में है। लगातार घर स्कूल में हो रही चोरियों पर पुलिस आखिर लगाम लगाने में कामयाब क्यों नहीं हो रही है।

# बिथान प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र परिसर में सक्षमता परीक्षा द्वितीय उत्तीर्ण शिक्षकों के बीच किया गया नियुक्ति पत्र का वितरण


**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। जिले के बिथान प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र परिसर में सक्षमता परीक्षा द्वितीय उत्तीर्ण शिक्षकों के बीच प्रखंड साधनसेवी सुरेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के दिशा - निर्देश में 68 शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र विश्वनाथ यादव, संजय कुमार वियोगी, बिंदु कुमारी, रामाश्रय राय, अरुण कुमार राय, संतोष कुमार पटेल, मनोज कुमार रजक, विजय कुमार, कुमारी कविता समेत 68 शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। मौके पर उमाशंकर यादव, गुणानंद प्रसाद, रंजीत कुमार रमण समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## अज्ञेय स्मृति सम्मान से सम्मानित होंगे कवि उदय प्रकाश





**कसया, कुशीनगर।** प्रसिद्ध कथाकार और कवि उदय प्रकाश को सन 2025 के अज्ञेय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कलावती देवी स्मृति न्यास द्वारा दिया जाने वाला यह सम्मान अज्ञेय की 114वीं जयंती के अवसर पर पर 07 मार्च 2025 को दिया जाएगा। उक्त जानकारी बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर गौरव तिवारी ने दी। प्रोफेसर गौरव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अज्ञेय के जन्मदिवस के अवसर पर सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय भारतीय साहित्य संस्थान समिति, श्रद्धाश्री न्यास, विद्याश्री न्यास, कलावती देवी स्मृति न्यास, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर और राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर में राष्ट्रीय संगोष्ठी और काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। भारत चिंतन विषयक संगोष्ठी में हिंदी साहित्य के वरिष्ठ कवि और चिंतक अष्टभुजा शुक्ल द्वारा अज्ञेय का भारत चिंतन₹ विषय पर अज्ञेय स्मृति व्याख्यान दिया जाएगा। प्रो महेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में प्रो चित्तरंजन मिश्र, प्रो अवधेश प्रधान, प्रो रामसुधार सिंह, प्रो अनंत मिश्र, दयानिधि मिश्र सहित अनेक विद्वानों के व्याख्यान होंगे। संगोष्ठी के बाद वरिष्ठ कवि उदय प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित काव्य संध्या में इंद्र कुमार दीक्षित, दयाशंकर सिंह कुशवाहा, सरोज पाण्डेय, प्रकाश उदय, दिनेश तिवारी, उद्धव मिश्र, अंजलि अस्थाना और स्थानीय कवि हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी में भाग लेने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

## नयी दिशा के झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम में सेनेटरी पैड वितरित



**कुशीनगर।** किशोरावस्था के दौरान बच्चियां अनेकों शारीरिक और मानसिक परिवर्तन से गुजरती हैं और संकोच व झिझक के कारण इस दौरान हो रही दिक्कतों को साझा नही कर पाती। इन परिवर्तनों विशेषकर मासिक धर्म के प्रति बच्चियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कुशीनगर जनपद के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चियों के साथ झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया जा रहा। इस क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा पलकधारी पर बच्चियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया गया। बच्चियों को सम्बोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य एवं नयी दिशा अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की बहुत महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जब बहुत तेजी से शारीरिक, मानसिक तथा भावात्मक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था में ही किशोरियों का मासिक धर्म भी शुरू होता है। परन्तु हमारे समाज में न ही किशोरियों को पहले से इसके लिए तैयार किया जाता है और न ही उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जाता है। इस कारण बच्चियां बहुत सी गलत धारणाओं का शिकार हो जाती हैं और आगे चलकर उन्हें गर्भाशय संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म में यदि स्वच्छता और खान पान का ध्यान रखा जाए तो इससे बचा जा सकता है। मासिक धर्म में यह आवश्यक है कि साफ कपड़े या सैनिटरी पैड का उपयोग करें, शरीर को साफ सुथरा रखें और पौष्टिक आहार लें। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह व आभार शिक्षक विजेंद्र कुमार शाही ने किया। इस अवसर पर पत्रकार हृदयानंद शर्मा, विनीत शुक्ल, दीपिका सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिता सिंह, सिरजावती देवी, सुमन, धूरा देवी, सीता देवी, उमरावती, चांदनी देवी, फेकनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री की फोटो से छेड़छाड़



**गोंडा।** यूपी के पूर्व राज्यमंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अरविंद राजभर की फोटो से छेड़छाड़ की गई है। उनका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। हजरतगंज पुलिस यूजर आईडी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामले में लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रदेश कार्यालय प्रभारी धर्म प्रकाश चौधरी का कहना है कि इंस्टाग्राम यूजर विवेक पासी ने पोस्ट शेयर की है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक: स्व. रामसकल तिवारी



**कुशीनगर।** व्यक्ति अपने अच्छे कर्मों के बल पर समाज में हमेशा जीवित रहता है। जो समाज की सेवा के लिए तत्पर रहता है, वह कभी मरता नहीं है। ऐसे ही थे सेवरही के पूर्व विधायक और विकास पुरुष पंडित स्वर्गीय रामसकल तिवारी, जिन्होंने अपने कार्यों से इस क्षेत्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। उक्त बातें बिहार के सेवानिवत्त जिला न्यायाधीश यूवी मिश्र ने शुक्रवार को कसया तहसील क्षेत्र के भेलया में आयोजित स्व. रामसकल तिवारी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर परश्रद्धांजलि सभा में कहीं। कहा कि सेवरही विधानसभा, जो कभी बिहार की सीमा से सटा एक पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था, आज विकास की राह पर है। जब यह इलाका गन्ना और गंडक नदी से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था, तब स्वर्गीय तिवारी ने बतौर विधायक इन चुनौतियों से लड़कर विकास की नई मिसाल कायम की। श्री मिश्र ने कहा कि एक समय सेवरही विधानसभा तमकुही विधानसभा के रूप में जाना जाता था। उस दौर में इस क्षेत्र में विकास की संभावनाएं सीमित थीं, लेकिन स्व. रामसकल तिवारी ने अपने प्रयासों से इस इलाके में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को राहत पहुंचाने के लिए गन्ना और सिंचाई से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करवाया। श्रद्धांजलि सभा को स्व. तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र अवकाश प्राप्त आरटीओ अजय त्रिपाठी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, डा. संजय मणि, जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, डा. केपी सिंह, सेंट जोसेफ स्कूल के संस्थापक सी ओ जोश, टीएन राय, मनोज चौबे ने संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगीतकार प्रेम प्रकाशयति की टीम ने ₹रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम₹ भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्व. तिवारी के पुत्रद्वय आयोजक अवकाश प्राप्त आरटीओ अजय त्रिपाठी और अभय त्रिपाठी (अधिवक्ता) ने आभार प्रकट किया। संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया। श्रद्धांजलि सभा में रामानुज पांडे, शिवशंकर तिवारी, पत्रकार गिरीश चंद्र पांडेय, पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय, विनय तिवारी, मनीष तिवारी, भास्कर राय, विकास पांडे, नंदकिशोर कुशवाहा, काशीनाथ तिवारी, गणेश मणि त्रिपाठी, राजबंसी तिवारी, आजाद अंसारी, विनीत कुमार बंटी, सत्यम त्रिपाठी, सतेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, सुधई, अजय उपाध्याय, अनिल गुप्ता, आद्या तिवारी, हरिगोविंद मिश्र, धीरज तिवारी, दिग्विजय तिवारी, भानु तिवारी, चंदन दुबे, अनुराग पांडे, अंकुर मिश्रा, शुभम, दिनेश सिंह सहित क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# दवा के साथ पौष्टिक आहार लेकर शीघ्र स्वस्थ रहे टीबी रोगी: डॉ. मुकेश यादव

**टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणी-बीएसए**







**गोंडा।** की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। उन्होंने कई एसडीएम और तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। अशोक कुमार गुप्ता को एसडीएम सदर गोंडा बनाया गया है। राजीव मोहन सक्सेना को एसडीएम तरबगंज की जिम्मेदारी दी गई है। यशवंत कुमार को अपर उप जिलाधिकारी प्रथम गोंडा बनाया गया है। विशाल कुमार को अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय गोंडा के साथ उपजिला अधिकारी न्यायिक मनकापुर की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सदर तहसील में तैनात एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को मनकापुर भेजा गया है। तहसीलदार स्तर पर भी फेरबदल किया गया है। करनैलगंज के तहसीलदार मनीष कुमार को हटाकर गोंडा का तहसीलदार और न्यायिक तहसीलदार बनाया गया है। अल्पिका वर्मा को प्रोन्नति देते हुए करनैलगंज का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। लंबे समय से लंबित वाद निपटाए डीएम ने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि उनके कोर्ट पर जो भी लंबे समय से वाद लंबित है उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करें ताकि फरियादियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। गोंडा में डीएम नेहा शर्मा द्वारा अधिकारियों को लापरवाही तरीके से कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं।

# शिव जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने धूमधाम से मनाया 89वां महोत्सव








**गोंडा।** में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग सेवा केंद्र के तत्वाधान में 89वीं शिव जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव संदेश शोभायात्रा निकाली गई। गाड़ी बाजार मोहल्ले से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में कई स्थानों पर झांकियों और श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका बीके सुमित्रा दीदी के मार्गदर्शन में ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने एक-दूसरे को बधाई दी। शोभायात्रा में भारत माता, भगवान शंकर और झांसी की रानी की झांकियां प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु हाथों में जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे.तथा लोगों को स्लोगन के जरिए जागरूक कर रहे थे। घंटाघर स्थित आदिशक्ति भवानी माता मंदिर पर झांकियों का विशेष स्वागत किया गया। यहां श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मनीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, पिंटू मिश्रा, अशोक सिंघानिया, सरदार जोगिंदर सिंह जानी, शिवा भट्ट और कनक बिहारी दास सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। बीके सुमित्रा दीदी ने इस अवसर पर शिव बाबा का परिचय देते हुए महावाक्य सुनाए और सभी को शिव बाबा के ज्ञान से अवगत कराया। वही सुरक्षा के दृष्टिगत शोभा यात्रा में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

## संक्षिप्त डायरी

### उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला में डिजिटल लेन देन की दी गई जानकारी



**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के मल्लुडीह स्थित राजकीय बीज भंडार सभागार में सक्षम परियोजना बजाज फिनसर्व की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पॉलिसी के अंतर्गत तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला में उद्यमिता कौशल को लेकर प्रतिभागियों को ट्रेनरों ने जानकारी दी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा बजाज होल्डिंग्स एवं इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की कंपनी बजाज फिनसर्व के सहयोग से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और मऊ सहित कुल पांच जनपद में सक्षम प्रोजेक्ट कार्यान्वित की जा रही है। आयोजित कार्यशाला का  का शुभारंभ शाखा प्रबंधक बडौदा यूपी बैंक रवींद्र कुमार किया गया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता को लेकर जानकारी दी। ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने उद्यमियों को वित्तीय जागरूकता डिजिटल साक्षरता इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, बैंकिंग सेवाएं, बीमा, बजट, नकदी प्रवाह, प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार की जानकारी दी। बताया कि तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण में इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल जागरूकता के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जायेगा। उद्यमिता विकास संस्थान के राहुल कुमार ने बताया कि बजाज फिनसर्व एवं ईडीआईआई के तत्वाधान में सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षित किया जा रहा है। चयनित सूक्ष्म उद्यमियों को प्रशिक्षण उपरांत हैंड होल्डिंग सहयोग भी किया जाएगा। इस दौरान परमानंद प्रशाद, विनोद कुशवाहा, शंभू नाथ चौहान,

### भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व मना शहीद दिवस




**कुशीनगर।**स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर नगर स्थित गोला बजार तिराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। गुरुवार की शाम को पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और भाजपा नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में अमर शहीद आजाद को नमन किया गया। पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी गाथा सुनकर हर भारतीय को गर्व की अनुभूति होती है। समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम बहादुरी, राष्ट्रभक्ति और बलिदान का पर्याय है। बचपन से लेकर अपनी जवानी उन्होंने देश के नाम न्यौछावर कर दी। कार्यक्रम आयोजक शिक्षक असगर अली ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान बुद्ध विद्या बिहार के प्रधानाचार्य/पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार मल्ल, सभासद साबिर अली, पेशकार श्री बाबू, अनिल पांडेय, श्रीनारायण श्रीवास्तव अजय सिंह, विजय सिंह, डॉ श्याम, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### नयी दिशा के झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम में सेनेटरी पैड वितरित



**कुशीनगर।** किशोरावस्था के दौरान बच्चियां अनेकों शारीरिक और मानसिक परिवर्तन से गुजरती हैं और संकोच व झिझक के कारण इस दौरान हो रही दिक्कतों को साझा नही कर पाती। इन परिवर्तनों विशेषकर मासिक धर्म के प्रति बच्चियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कुशीनगर जनपद के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चियों के साथ झिझक छोड़ो, खुलकर बोलो कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया जा रहा। इस क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा पलकधारी पर बच्चियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम कर उन्हें सेनेटरी पैड भेंट किया गया। बच्चियों को सम्बोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य एवं नयी दिशा अध्यक्ष डॉ0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की बहुत महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जब बहुत तेजी से शारीरिक, मानसिक तथा भावात्मक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था में ही किशोरियों का मासिक धर्म भी शुरू होता है। परन्तु हमारे समाज में न ही किशोरियों को पहले से इसके लिए तैयार किया जाता है और न ही उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जाता है। इस कारण बच्चियां बहुत सी गलत धारणाओं का शिकार हो जाती हैं और आगे चलकर उन्हें गर्भाशय संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म में यदि स्वच्छता और खान पान का ध्यान रखा जाए तो इससे बचा जा सकता है। मासिक धर्म में यह आवश्यक है कि साफ कपड़े या सैनिटरी पैड का उपयोग करें, शरीर को साफ सुथरा रखें और पौष्टिक आहार लें। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह व आभार शिक्षक विजेंद्र कुमार शाही ने किया। इस अवसर पर पत्रकार हृदयानंद शर्मा, विनीत शुक्ल, दीपिका सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिता सिंह, सिरजावती देवी, सुमन, धूरा देवी, सीता देवी, उमरावती, चांदनी देवी, फेकनी देवी आदि उपस्थित रहे।

### कंवर इंटर प्राईजेज बेरी इन्दपुरी मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया राजेश यादव और फैसल वारसी को नहीं है बाबा के बुलडोजर का खौफ




**हमीरपुर। सैय्यद जावेद अख्तर** सूबे के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, जबकि मुख्यमंत्री की रोक के बावजूद हमीरपुर के बेरी इन्दुपुरी कंवर इंटर प्राईजेज मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया राजेश यादव और फैसल वारसी प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में धडल्ले से मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, जबकि बेखौफ और दबंग मोरम माफिया अपने खण्ड के अलावा बगल के बंद पडे.खण्ड 10/5 में भी अवैध खनन कर शासन प्रशासन को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती, हालांकि पिछले दिनों बगल के बंद पडे. खण्ड के पट्टाधारक  विवेक सिंह ने हमीरपुर जिलाधिकारी से मिलकर अपने खण्ड में किये जा रहे इन माफियाओं के अवैध खनन की शिकायत भी की थी,जबकि शिकायत के बावजूद इन दबंग माफियाओं के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही न होना हमीरपुर खनिज अधिकारी की कार्यशैली पर कई बडे.सवाल खड़े कर रहा है, वहीं प्रदेश की तेज  तर्रार और बेदाग छवि की मालिक खनन निदेशक माला श्रीवास्तव के हमीरपुर दौरे के बावजूद नहीं लग पा रही है मोरम के अवैध खनन सहित ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन पर लगाम।



# वेडिंग फंक्शन्स में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे ये टिप्स

वेडिंग में कई फंक्शन्स होते हैं, जिनके लिए अलग-अलग ड्रेसेस पहनने का मजा ही कुछ और है। इनमें हल्दी फंक्शन का क्रेज लड़कियों के बीच खूब देखा जाता है। हल्दी के दौरान पीले कपड़े पहनने से न सिर्फ फैशन के नजरिए से कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है बल्कि पीले रंग के साथ ज्यादातर ज्वैलरी भी अच्छी लगती हैं। आप भी अगर अपनी हल्दी पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये टिप्स आपके काम आएंगे।

## हल्दी सेरेमनी पीले रंग के कपड़े क्यों पहनें

हल्दी छुड़ाना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए क्यों न इस दिन पीली ड्रेस ही पहनी जाए। पीले के अलग-अलग शेड्स में से आप चुन सकती हैं। मस्टर्ड येलो, ऐंबर येलो, लेमन येलो में से आप चुन सकती हैं। यदि आपको येलो नहीं पहनना हो, तो आप क्रीम या कोई और लाइट कलर पहन सकती हैं।

## हल्दी सेरेमनी के लिए टिप्स


- अगर आपकी हल्दी सेरेमनी है, तो ऐसे में आप स्लीव्स कट सिंपल और प्लेन लहंगा-चोली पहनें, जिसके किनारे पर गोल्डन या सिल्वर कलर का बॉर्डर हो।
- हल्दी सेरेमनी पर पटियाला सलवार के साथ शार्ट कॉटन कुर्ती भी बेहद स्टाइलिश लगेगी। पटियाला सूट के साथ आप अपनी पसंदानुसार एम्ब्रॉयडरी जैकेट या फिर कोई लाइट दुपट्टा कैरी करना अच्छा ऑप्शन रहेगा।
- आपको अगर साड़ी पहननी है, तो पीले रंग की सिम्पल साड़ी पहनें या फिर लाल, नारंगी रंग की साड़ी भी काफी अच्छी लगेगा। इसके साथ मैचिंग पर्ल ज्वैलरी या फूलों की ज्वैलरी भी काफी ट्रेडिंग लगेगी।

## हैवी दुपट्टा

हल्दी के मौके पर दुपट्टा आपके लिए आफत बन सकता है, इसलिए लाइट स्टोल या स्कॉर्फ तक ठीक है लेकिन हैवी दुपट्टा लेने से बचें।

## स्टोन, हैवी ज्वैलरी

स्टोन या हैवी ज्वैलरी पर अगर हल्दी लग गई, तो आपके लिए खासी दिक्कत हो जाएगी।





# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं। आइए जानते हैं दमकती त्वचा पाने के लिए कैसे करें फलों के छिलकों का इस्तेमाल।

## पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धों लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला का इस्तेमाल करें।

## संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

## नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

## केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

## आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।



कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता है कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही इस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -

# छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी-नेक वाली शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़ें पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़ें भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती हैं।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

## ट्रेंडी हैं को-ऑरड्स इस समर शॉपिंग लिस्ट में करें शामिल

गर्मियों में कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती हैं तो को-ऑरड्स ट्राई करें। ये आउटफिट गर्मियों के लिए फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। गर्मी के मौसम में को-ऑरड्स फैशन जबरदस्त ट्रेंड में है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, गर्मियों के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू-पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे हैं तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते हैं।

# बच्चों की मजबूत इम्युनिटी के लिए जन्म के पांच साल के अंदर जरूरी है ये वैक्सीनेशन

कहते हैं हेल्थ एक प्रोसेस है। आप एक दिन में हेल्दी नहीं होते। कई छोटी-छोटी चीजें आपको मजबूत बनाती हैं। यही बात इम्युनिटी पर भी लागू होती है। मजबूत इम्युनिटी हमारे बचपन के खान-पान पर भी निर्भर करती है। वहीं, बचपन में कुछ ऐसे टीके होते हैं, जिनके लगने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। आज हम आपको ऐसे टीके बता रहे हैं, जिन्हें पांच साल के अंदर बच्चों को लगवाना बहुत जरूरी है।

## ये टीके हैं बेहद जरूरी

- गर्भवती महिला एंव गर्भ मे पल रहे शिशु को टिटेनस की बीमारी से बचाने के लियेटिटेनसटाक्साइड 1 / बूस्टर टीका और दूसरा टीका एक महिने के अंतर में लगवाएं। अगर पिछले तीन वर्ष मे दो टीके लगे हों तो केवल एक टीका लगवा लेना ही काफी होता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस के संक्रमण से लीवर की सूजन आ जाती है, पीलिया हो जाता है और लंबे समय तक संक्रमण के बाद लीवर कैंसर का भी खतरा हो सकता है। यह टीका बेहद जरूरी है जो हिपेटाइटिस बी के संक्रमण से बचाव करता है।
- डीपीटी टीकों की एक श्रेणी होती है, जो इंसानो को होने वाले तीन संक्रामक बीमारियों डिफ्थीरिया, पर्टुसिस (काली खांसी) और टिटनेस से बचाव के लिए दिए जाते हैं।
- पोलियो का टीका पोलियो नामक बीमारी जिसमें बच्चे अपंग हो जाते हैं, से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका भी बच्चों को जरूर लगवाना चाहिए।
- बच्चे को टीबी से बचाने के लिए अनिवार्य रूप से बी सी जी का टीका लगवा दें। बीसीजी का टीका लग जाने पर शिशु को टीबी की बीमारी से बचाया जा सकता है।
- हिब वेक्सीन का टीका बच्चों को डिफ्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, हेपेटाइटिस-बी और एच इन्फलांजी-बी से सुरक्षित रखता है। हिब बेक्टीरिया के संक्रमण से न्यूमोनिया एवं मष्तिष्क ज्वर (मेनिनजाइटिस) जैसी गंभीर बीमारी हो सकती हैं।





# बच्चों से लालच देकर कोई काम न कराएं

'आप अगर खाना नहीं खाओगे, तो रात में भूत आ जाएगा।' क्या आपने भी अपने बच्चे को खाना खिलाने के लिए ऐसा ही कोई बहाना बनाया है? आपका जवाब अगर हां है, तो आपको यह बात समझने की जरूरत है कि कभी-कभी हम बच्चों को अच्छी बातें सिखाने के लिए कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिससे कि उनके मन में कई डर घर कर जाते हैं। इसके अलावा बच्चे अनजाने में ही कई गलत आदतें सीख जाते हैं। इस कारण आपको कुछ बातें याद रखनी चाहिए-

आमतौर अपनी बात मनवाने के लिए माता-पिता बच्चे को कोई लालच देते हैं। जैसे होमवर्क पूरा करने या बाहर न जाने के बदले उसे आइसक्रीम या खिलौने का लालच। ऐसा करना बेहद गलत है क्योंकि इसके बाद भी बच्ची सही बर्ताव करने के बदले आपसे अपनी डिमांड को पूरा करवाने की कोशिश करेगा।

## किसी के सामने कोई एक्टिंग करने के लिए कहना

आमतौर पर माता-पिता बच्चों को कोई डांस या एक्टिंग करने के लिए कहते हैं। ऐसा करना शायद एंटरटेनिंग लगे, लेकिन इससे बच्चों के दिमाग पर गलत असर पड़ता है। बार-बार ऐसा कहने पर बच्चे को लगने लगता है कि अगर वह ये सब नहीं करेगा, तो उसके मम्मी-पापा उसे प्यार नहीं करेंगे या फिर मारेंगे।

## किसी के सामने बच्चों पर न चिल्लाएं

अधिकतर माता-पिता बच्चों को किसी मॉल में, पब्लिक प्लेस में या फिर किसी पार्क में ही डांटना शुरू कर देते हैं। इस दौरान बच्चा आपकी बातें न सुनकर वो इस बात पर ध्यान देने लगता है कि आसपास के लोग सुन रहे हैं इसलिए हमेशा बच्चे को एकांत में उसके व्यवहार के बारे में बताएं ताकि वे अपने बुरे व्यवहार को छोड़ सके।



## दूसरे बच्चों से तुलना

अपना बच्चा सभी को प्यारा लगता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपने बच्चे को फील गुड कराने के लिए उसकी तुलना दूसरों बच्चों से करेंगे। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे को मोटिवेट करने के लिए माता-पिता किसी बच्चे को बुरा बताते हुए अपने बच्चे की तुलना करते हैं। ऐसा करने से आपका बच्चा उस दूसरे बच्चे के लिए मन में नेगेटिव इमेज बना लेगा। आगे चलकर यह नेगेटिव चीज उसकी पर्सनैलिटी का हिस्सा भी बन सकती है।

## गलती करने पर गुस्सा करना

कभी-कभी मां-बाप अपने ऑफिस का गुस्सा या किसी और बात का गुस्सा अपने बच्चों पर निकाल देते हैं। साथ ही माता-पिता गुस्से में अपने बच्चे को उस गलती की सजा दे देते हैं, जिसे नजरअंदाज किया जा सकता था। बच्चे को अनुशासन सिखाते वक्त अपनी दूसरी समस्याओं और गुस्से को अलग रखें।



टोरंटो में कनाडाई इंटरनेशनल ऑटो शो में 1886 की बेंच पेटेंट मोटर वैगन के प्रतिरुप को देखते हुए लोग। दस दिवसीय इस शॉ में 40 से अधिक ऑटोमाबाइल प्रतियोगियों ने भाग लिया।

## ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के प्रस्ताव को ठुकराया

### - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के अधिग्रहण का मामला

**नई दिल्ली ।** विश्वविख्यात उद्यमी और एलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई की अधिग्रहण की हसरत पूरी होने में मुश्किले आ रही है। ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के 97.4 बिलियन के अधिग्रहण प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, कहते हुए कि कंपनी बिक्री के लिए नहीं है। एलन मस्क जो पहले ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, अब कंपनी से अलग हो चुके हैं। मस्क के वकील ने बताया कि ओपनएआई अपने लाभकारी उद्यम का निजी स्वामित्व बेचने की योजना बना रही है, जिससे कुछ बोर्ड सदस्य व्यक्तिगत लाभ उठा सकते हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और मस्क के बीच वर्षों से चल रहा टकराव जारी है, जिसमें एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभकारी बनाने के पक्ष में नहीं देखा। ओपनएआई ने अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए एक पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन बनाने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य था अधिक पूंजी जुटाना और गैर-लाभकारी प्रतिबंधों को हटाना। ओपनएआई ने मस्क के प्रति कटु रूख अपनाया है, जिससे वार्षिक बोर्ड की चुनौतियों में नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। एलन मस्क के वकीलों ने ओपनएआई के साथ चल रहे संघर्ष को निपटाने के लिए अदालत में कानूनी कदम उठाया है, जिसमें वकीलों ने कहा कि यदि ओपनएआई अपनी लाभकारी इकाई बनाने की योजना छोड़ देता है तो उनकी बोली वापस ली जाएगी। ओपनएआई ने मानवता के लिए एआई के लाभ को पहुंचाने की मिशन में प्रतिबद्धता जताई है, और इस उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए अपने मिशन पर कड़ी नजर रखी है। एलन मस्क और ओपनएआई के बीच टकराव के बीच बढ़ते विवाद में, एक ओर ओपनएआई ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जबकि दूसरी ओर मस्क और उनके वकील उसे निपटाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संघर्ष के माध्यम से ओपनएआई की दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए और एलन मस्क की तकनीकी उच्चताओं को रक्षा करने के लिए एक सख्त स्तर पर कानूनी और नैतिक झगड़ा चल रहा है।

## कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम



**नई दिल्ली ।**

वर्तमान में, देश में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और 2025 में इसकी बिक्री दोगुनी होने की संभावना जताई जा रही है।

नए मॉडल के लॉन्च और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार, 2023 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 82,688 यूनिट थी, जो 2024 में 19.93प्रतिशत बढ़कर 99,165 यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि, कुल यात्री वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी केवल 2.4प्रतिशत रही। हुंडई के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नए मॉडल की बढ़ती संख्या से 2025 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी हो सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक कारें भारतीय बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वर्तमान में, भारतीय इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स का दबदबा है, जिसकी हिस्सेदारी 2024 में 62.01प्रतिशतरही। हालांकि, नए कंपनियों के प्रवेश से यह परिदृश्य बदल सकता है।

2025 में मारुति ई-विटारा, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक, महिंद्रा बीई6 और किआ कैरेंस ईवी जैसी कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने वाली हैं।

## नए आयकर बिल: टैक्स सरल बनाने की कवायद

### - धारा 80सी के तहत किए गए हैं बड़े बदलाव

**नई दिल्ली ।**

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का विषय बना दिया है नया आयकर बिल का प्रस्ताव, जिसके अनुसार टैक्स संबंधी नियमों की भाषा सरल बनाई जाएगी। नए बिल में कोई इनकम टैक्स स्लैब या कैपिटल गेन्स टैक्स संशोधन नहीं है, लेकिन धारा 80सी के तहत बड़े बदलाव हैं। यदि आप पुरानी टैक्स व्यवस्था का अनुसरण करते हैं, तो धारा 80सी के बजाय धारा 123 के तहत टैक्स बचाने के विकल्पों से परिचित होंगे। अब इस धारा के अनुसार टैक्सपेयर को प्राप्त राशि के उत्तराधिकारी द्वारा भुगतान किया गया या जमा की गई राशि पर छूट मिलेगी, जो शेड्यूल एक्सवी में उल्लिखित राशियों के कुल के बराबर होगी, परन्तु 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। यह नया आयकर बिल 622 पन्नों का है और 536 धाराएं शामिल हैं, जबकि वर्तमान आयकर अधिनियम में 823 पन्नों में 298 धाराएं हैं।





नए बिल में हर धारा का एक खंड है, सिवाय उन अप्रासंगिक धाराओं के। जबकि बताया गया है कि इस बिल के माध्यम से कर कानूनों को सरल बनाया जाएगा।

## भारतीय बाजार में 78 लाख करोड़ की गिरावट

### - भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ पार किया था

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) शुक्रवार को नीचे दिखा 400 लाख करोड़ रुपये से नीचे पहुंच गया। हालांकि, बाजार थोड़ा सुधरकर 400.2 लाख करोड़ रुपये पर रुका, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये का स्तर पार किया था और 29 सिंतबर को यह 477.93 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचा था। तब से बाजार पूंजीकरण में करीब 78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। तेज गिरावट की मुख्य वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली की गई निवेशों के पीछे है। एफपीआई ने इस वर्ष कुल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बाजार में ताजा बिकवाली का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, यह खरीदारी के अवसर भी पैदा कर सकता है जिसमें मजबूत वृद्धि या सुधार की राह पर बढ़ रही कंपनियाँ शामिल हो सकती हैं। बाजार का मार्केट कैप डॉलर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो पिछले कुछ महीनों में करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर की कमी दर्ज की गई है। भारतीय बाजार अब मल्टीपल मूल्यांकन पर चुनौती खड़ी कर रहा है, जिससे निवेशकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।



## एनपीसीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए बढ़ाई राहत, अब रिफंड होगा जल्द

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए देश के करोड़ों यूपीआई यूजर्स के लिए राहत की खबर आगामी है। अब फेल होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन या अटके हुए पैसों के रिफंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक सर्कुलर के माध्यम से हाल ही में एनपीसीआई ने घोषणा की है कि नए नियमों के बैठक, चार्जबैक अनुरोधों की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर दिया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार, लाभार्थी बैंकों द्वारा दाखिल किए गए ट्रांजेक्शन क्रेडिट कन्फर्मेशन (टीसीसी) या रिटर्न रिक्वेस्ट (आरईटी) के आधार पर चार्जबैक अनुरोध या तो ऑटोमेटेड रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि प्राथमिक ट्रांजेक्शन-रिलेटेड मुद्दों को तेजी से समाधान किया जा सके। इस ऑटोमेटेड प्रक्रिया की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो यूपीआई यूजर्स को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें सुविधात्मक रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई प्रक्रिया से चार्जबैक की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी, जिससे सिस्टम में सुधार होगा।



## वेलेंटाइन डे के बाद चांदी 1 लाख के पार, सोना भी हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।** फरवरी के महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 2,350 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, इससे वह 1,00,600 प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। वेलेंटाइन डे के बाद सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ गई हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए प्रति ग्राम तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोने की दर 8,732 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं चांदी की भी कीमत 100.60 रुपए प्रति ग्राम और 1,00,600 रुपए प्रति किलोग्राम है। यह अचानक बढ़ोतरी ने चांदी को 1 लाख के पार पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सोने की कीमतों में इजाफा होने से लोगों के मुताबिक सोने-चांदी की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। नई दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। लखनऊ में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,996 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,722 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

## एलआईसी ने तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

# बीते हफ्ते बाजार में रही दो महीने में सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई ।**

ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता, मिश्रित कारपोरेट आय, निरंत एफआईआई बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से बीते सप्ताह भारतीय बाजार में दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला टूट गया और ये दो महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ताजा टैरिफ चिंताओं और विदेशी फंडों के निरंतर निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 343.83 अंक गिरकर 77,516.36 अंक पर खुला और 548.39 अंक गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 105.55 अंक गिरकर 23,454.40 अंक पर खुला और 178.35 अंक गिरकर 23,381.60 पर बंद हुआ। स्मॉल और मिडकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली के कारण मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स 1,120.72 अंक गिरकर 76,191.08 पर खुला और 1,018.20 अंक गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 345.65 (अंक फिसलकर 23,035.95 के स्तर पर खुला और 309.80 अंक टूटकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 274.56 अंक की गिरावट के साथ 76,019.04 अंक पर खुला और 122.52 अंक की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 78.45 अंक फिसलकर 22,993.35 अंक पर खुला और एनएसई निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ 26.55 अंक गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। लगातार गिरावट की मार झेल रहे निवेशकों के लिए गुरुवार की सुबह राहत भरी खबर लेकर आई। शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इस दौरान सेंसेक्स 214.08 अंक बढ़कर 76,385.16 अंक पर खुला और 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। निफ्टी 69.8 अंक चढ़कर 23,115.05 अंक पर खुला और 13.85 अंक गिरकर 23,031.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 282.82 अंक या फिर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,856.15 पर खुला और 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 134.20 अंक की गिरावट पर खुला और 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ।





## फोर्टिस हेल्थकेयर श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** फोर्टिस हेल्थकेयर ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी फोर्टिस हॉस्पिटल के माध्यम से श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। इस सौदे के तहत फोर्टिस हेल्थकेयर ने श्रीमन अस्पताल के पूरे व्यवसाय संचालन, अस्पताल की इमारत और अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण करेगी है। कंपनी ने कहा कि यह लेन-देन पूरी तरह से नकद में होगा और कुल खरीद मूल्य लगभग 462 करोड़ रुपये है। इसमें स्टांप ड्यूटी और अन्य नियामक खर्च शामिल नहीं है। एफएचएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण कर रहे हैं और इस अधिग्रहण को हम एक अच्छा कदम मानते हैं क्योंकि कंपनी की पहले से ही पंजाब में मजबूत उपस्थिति है, जिससे हमें इस अस्पताल के अधिग्रहण से अधिक लाभ मिलेगा।

## बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष में 262 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल उनके निगम ने 17 साल बाद पहली बार मुनाफा दर्ज किया है। सरकार ने हाल ही में बीएसएनएल की 4जी सर्विस के विस्तार के लिए अत्यधिक 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किया था। इससे कंपनी ने सेवाओं और ग्राहक बेस को बढ़ाने पर फोकस किया। कंपनी ने अपनी लागत और व्यय में कटौती की है जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में घाटे में कमी आई है। उनके मोबाइल सेवाओं में आमदनी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के इस मुनाफे को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 23-24 तक दोगुनी हो गई है, जिससे उनका अनुमानित राजस्व लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गया है। इन सभी नतीजों से साफ होता है कि बीएसएनल ने 4जी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके एक बड़ा कदम उठाया है और इससे कंपनी के लिए एक उज्जवल भविष्य की संभावना है।

## पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को शीर्ष उद्योग संगठनों ने बताया ऐतिहासिक, व्यापार और निवेश में होगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।**

शीर्ष उद्योग संगठनों एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने में ऐतिहासिक बताया।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निरंतर विश्वास और मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से कई ठोस परिणाम सामने आए हैं। इसमें रक्षा, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा, दोनों देशों को कवर करने वाली ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एक अन्य प्रमुख परिणाम, वर्ष के अंत तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए यूएस-भारत रोडमैप का विकास है।

वहीं फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार के अनुसार, यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। ये घटनाक्रम भारतीय निर्यातकों को नए मौके प्रदान करेगा। टेक्नोलॉजी, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कुमार ने बढ़ते निवेश फोकस की सराहना की, जो भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करेगा और भारतीय निर्यात की मांग को बढ़ाएगा।

फोकस क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और वस्त्र शामिल हैं, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिशन 500 के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब डॉलर तक पहुंचना है। कुमार ने इस साल के अंत तक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए प्रारंभिक समय-सीमा की सराहना की, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, व्यापार बाधाओं को कम करना और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन में सुधार करना है। फियो प्रमुख कुमार ने कहा, ये निवेश भारतीय निर्यातकों के लिए नए मौके पैदा करेगा और भारत को नवाचार तथा विनिर्माण के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। आईटी, एआई और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने पर मुख्य ध्यान दिया गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय तकनीकी व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं खुलेंगी।

## भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशक चिंतित

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इस गिरावट से निवेशकों के 25.31 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीतियों और वैश्विक ट्रेड वॉर की आशंका से बाजार की स्थिति और कमजोर हो गई है। विशेषज्ञों की राय बाजार के भविष्य को लेकर अब भी मिले-जुले संकेत दे रही है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि कमजोर तिमाही नतीजों, रुपए में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर्स से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। इस हफ्ते लगातार आठ सत्रों में हुई बिकवाली से निवेशकों में चिंता है। अगले हफ्ते बाजार में तेजी आने पर दांव लगाने की भी संभावना है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक स में 3.24 फीसदी और मिडकैप इंडेक स में 2.59 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सिर्फ आईटी क्षेत्र फायदे में रहा, जबकि बाकी सेक्टर में निकली गिरावट। निवेशकों के लिए आगे का माहौल अनिश्चित है और विशेषज्ञों की मान्यता है कि सावधानी बरतनी चाहिए।

# महाकुंभ की सफलता ने दुनिया को चौंकाया



ललित गर्ग

**यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धमार्चार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है।**

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुनः अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी।

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धमार्चार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। अमेरिका आबादी से दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुणा से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां आये हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि



दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा है।

जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये अब जागरूक एवं संगठित नहीं होगा तो कब होगा?

प्रयागराज महाकुंभ लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं देखकर दुनिया भौचक रह गयी। भीड़ प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटिलेंजेंस का उपयोग और ड्रोन व एंटी ड्रोन सिस्टम से संदिग्धों पर निगाह रखना भविष्य की पुलिसिंग की तस्वीर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि विश्व के कई देशों के विशेषज्ञ यहां भीड़ प्रबंधन पर शोध करने पहुंचे हैं। इतने बड़े आयोजन में एक दो घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं, जितना यह कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु उल्लास और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो लौटा। महाकुंभ ने उन सभी स्थानों के लिए एक मानदंड प्रस्तुत किया है, जहां कुंभ अर्धकुंभ के आयोजन होने हैं। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

महाकुंभ भारत की हिन्दू संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है यह न केवल हमारा विश्वास है बल्कि ऐतिहासिक, औपचारिक और सामाजिक सत्य भी है। भले ही भारतीय संविधान ने इसे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र न घोषित किया हो, लेकिन भारत का अस्तित्व और उसकी आत्मा सनातन धर्म में रची बसी है। इस तथ्य को न केवल भारत के नागरिक बल्कि समूची दुनिया भी स्वीकार करती है। भारत की पहचान केवल एक भौगोलिक इकाई तक ही सीमित नहीं है, यह एक महान सनातनी सभ्यता है, जिसकी जड़े हजारों वर्षों पुरानी है। ऋग्वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, पुराण और स्मृतियां हमारे सांस्कृतिक आधारस्तंभ है। यहीं से वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः जैसे महान विचार जन्म लेते हैं। यदि हम इतिहास को देखें, तो भारत में वैदिक काल से ही हिंदू संस्कृति का वर्चस्व रहा है। मौर्य, गुप्त, चोल, मराठा और अन्य हिंदू राजवंशों ने भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता को बनाए रखा। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासनों के बावजूद, हिंदू समाज अपनी जड़ों से कभी नहीं हटा। भारत को हिंदू राष्ट्र कहने का अर्थ यह नहीं है कि यहां अन्य धर्मों के लिए स्थान नहीं है। हिंदू संस्कृति सदैव सर्वसमावेशी रही है।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। आज विश्व भारत को केवल एक राष्ट्र राज्य के रूप में नहीं देखता बल्कि उसे सनातन संस्कृति की जन्मभूमि और हिंदू राष्ट्र के रूप में पहचानता है। नेपाल, इंडोनेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया जैसे देशों की संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भगवद्गीता का पाठ किया गया, जो इस बात का प्रमाण है कि विश्व भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर रहा है। अमेरिका और यूरोप में भी योग, वेदांत और भगवद्गीता के प्रति बढ़ती रूचि यह दशार्ती है कि हिंदू जीवन दर्शन वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार की आंधी से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा एवं षडयंत्र है। यह सनातन धर्म पर प्रहार न केवल निंदनीय है बल्कि शर्मनाक भी है। कुंभनगरी में सबसे ज्यादा फोकस सेक्टर-18 पर रखा गया, यहां वीआईपी गेट भी बनाया गया, इस पॉइंट पर 72 देशों के ध्वज लगे, जिनके नुमाइंदे ही नहीं, बल्कि लगभग 180 देशों के लोगों ने महाकुंभ में सम्मिलित होकर महाकुंभ के भव्य, व्यवस्थित एवं सफल आयोजन की भरपूर सराहना की है। अनेक विदेशी ने सनातन धर्म में दीक्षित हुए है।


(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### किसके लिए गोल्ड कार्ड

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (उङ्घल्लं'ि ळ१४ेस्र) के गोल्ड कार्ड ने पूरी दुनिया को चकमका दिया है। ट्रंप जो कहते हैं वह हमेशा कर भी दें इसकी कोई गारंटी नहीं है। और इसकी भी कोई गारंटी नहीं की जो वह करना चाहते हैं उसे सचमुच कर पाएं, मगर इतना तय है कि उन्होंने पदभार संभालते ही जिस तरह का धूम-धड़ाका किया है उसने कई देशों की नींद उड़ा दी है। कई देशों को चिंता में डाल दिया है तो कई देशों को अपनी अमेरिकी नीति पर पुनर्विचार करने पर बाध्य कर दिया है। भारत भी ट्रंप की घोषणाओं और उसके क्रियान्वयन से अछूता नहीं है। अवैध प्रवासियों की अपमानजनक वापसी की धमक



भारत झेल ही रहा था कि अब उसे गोल्ड कार्ड भी परेशानी में डाल रहा है। ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना वास्तव में क्या है किसी के समझ में नहीं आई है। इस योजना के मुताबिक 50 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रु पये देकर कोई भी विदेशी नागरिक अमेरिका में बस सकता है और तीव्र गति से अस्थाई नागरिकता प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकता है। पहली बात तो यह है कि लोग धन कमाने के लिए लोग धन कमाने के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, अपना धन लेकर अमेरिका में बसना नहीं। यहां ट्रंप अमेरिका को एक बिकाऊ माल की तरह बेचना चाहते हैं जैसे कोई अच्छी जमीन बेची जाती है। यानी ट्रंप अमेरिका को ऐसे स्वर्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जहां किसी भी देश का कोई व्यक्ति 50 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च कर बसना चाहेगा। क्या सचमुच अमेरिका ऐसा स्वर्ग है? अगर भारत की बात करें तो यहां बहुत बड़ी संख्या धनपतियों की है जिन्होंने अनेकानेक गैर कानूनी तरीकों से धनी इकट्ठा किया है और वह इसकी सुरक्षा चाहते हैं। ऐसे लोग भारत में सीधे राजनेताओं या राजनीतिक दलों को अपनी सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। चुनावी चंदे में इस तरह के कई मामले उजागर हुए थे। दूसरी बात जो ट्रंप ने प्रतिभावान विदेशी छात्रों के बारे में कही जो अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद नागरिकता नहीं मिलने के कारण अपने मूल देश में लौटकर व्यापार करते हैं और करोड़ों में खेलने लगते हैं। सवाल है कि कोई अमेरिकी कंपनी 50 लाख डॉलर देकर ऐसे प्रतिभावान उद्योगों को नौकरी देने में रु चि क्यों दिखाएगी। इसका कोई ठोस तर्क सामने नहीं है। बहरहाल, जनता की गाढ़ी कमाई को अमेरिका में ले जाकर बसने के भ्रष्ट पूंजीपतियों को गोल्ड कार्ड ने जरूर सुनहरा अवसर दिखा दिया है।

## चिंतन-मनन

### व्यवहार से ही मिल गया सवाल का जवाब

एक दार्शनिक समस्याओं के अत्यंत सटीक समाधान बताते थे। एक बार उनके पास एक सेनापति पहुंचा और स्वर्ग-नर्क के विषय में जानकारी चाही। दार्शनिक ने उसका पूर्ण परिचय पूछा तो उसने अपने वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में सविस्तार बताया। उसकी बातें सुनकर दार्शनिक ने कहा - शक्ल-सूरत से तो आप सेनापति नहीं, भिखारी लगते हैं। मुझे विश्वास नहीं होता कि आपमें हथियार उठाने की क्षमता भी होगी। दार्शनिक की अपमानजनक बातें सुनकर सेनापति को गुस्सा आ गया। उसने म्यान से तलवार निकाल ली। यह देख दार्शनिक ठहाका लगाते हुए बोले - अच्छा तो आप तलवार भी रखते हैं। यह शायद काठ की होगी। लोहे की होती तो अब तक आपके हाथ से छूटकर गिर गई होती। अब तो सेनापति आपे से बाहर हो गया। उसकी आंखें क्रोध से लाल हो गईं और वह दार्शनिक पर हमला करने को उद्यत हो गया। तभी दार्शनिक ने गंभीर होकर कहा - बस यही नर्क है। क्रोध में उन्मत्ता होकर आपने अपना विवेक खो दिया और मेरी हत्या करने को तत्पर हो गए। दार्शनिक की बात सुनकर सेनापति ने शांत होकर तलवार म्यान में वापस रख ली। तब दार्शनिक ने कहा - विवेक जाग्रत होने पर व्यक्ति को अपनी भूलों का अहसास होने लगता है। मन शांत होने से स्थिरता आती है और दिव्य आनंद की अनुभूति होती है। यही अनुभूति स्वर्ग है। सेनापति को अपने प्रश्न का उत्तार मिल गया। सार यह है कि आत्मनियंत्रण से विवेक उपजता है, जिसके कारण अनुचित कर्म या व्यवहार पर रोक लगती है और जीवन में शांति व संतोष की अनुभूति होती है।

# जेलेंस्की की बेबाकी और अमेरिका की गिरती साख



सौरभ जैन अंकित



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई में तीखी नोंक-झोंक ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी। यह बैठक मुख्य रूप से अमेरिका-यूक्रेन संबंधों को मजबूत करने और सैन्य सहायता पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी, लेकिन वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हो गई। इस टकराव ने अमेरिका की साख और वैश्विक विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका से मिनरल डील और सैन्य सहायता की उम्मीद लेकर वहाँ पहुंचे थे, लेकिन ट्रंप ने आर्थिक मदद के बदले अमेरिका को वित्तीय रिटर्न देने की शर्त रखी। उन्होंने यूक्रेन से 500 अरब डॉलर की मांग की, हालांकि वह 350 अरब डॉलर तक की डील फाइनल करना चाहते थे। जब ट्रंप ने सुरक्षा सहायता पर चर्चा करने से इनकार कर दिया, तो जेलेंस्की ने खुलकर अपना विरोध दर्ज कराया।

जब एक पत्रकार ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली सुरक्षा सहायता पर सवाल किया, तो ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा, अभी सुरक्षा के बारे में बात नहीं करना चाहता, मैं चाहता हूं कि बस डील हो जाए। इस पर जेलेंस्की ने जोर देकर कहा, यह युद्ध रूस और यूक्रेन के बीच है, अमेरिका और रूस के बीच नहीं। अगर पुतिन को नहीं रोका गया, तो वह पोलैंड पर भी हमला कर सकते हैं।

इस बयान पर ट्रंप भड़क गए और जेलेंस्की पर सीजफायर न चाहने और लाखों लोगों की जिंदगी के साथ खेलने का आरोप लगा दिया। दोनों के बीच बढ़ती तल्खी के कारण व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने जेलेंस्की को तुरंत बैठक समाप्त कर व्हाइट हाउस छोड़ने के लिए कह दिया। इसके बाद जेलेंस्की लंदन के लिए रवाना हो गए, जहां वह ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर द्वारा आयोजित यूक्रेन समिट में शामिल हुए।

इस विवाद के बाद वैश्विक राजनीति में अमेरिका की साख गिरने लगी है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टेरसन और एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गस त्साहक्ना ने रूस के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए जेलेंस्की का समर्थन किया। पोलैंड, स्पेन, आयरलैंड और लात्विया ने भी यूक्रेन को समर्थन देने की घोषणा की। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी जेलेंस्की के पक्ष में बयान दिया।

इस घटनाक्रम के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि भविष्य में अन्य देश भी अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने बेबाकी से अपनी बात रखेंगे। अमेरिका, जो अब तक वैश्विक राजनीति में एक निर्णायक शक्ति के रूप में देखा जाता था, उसकी साख लगातार गिर रही है। जेलेंस्की की मुखरता ने यह संदेश दे दिया है कि छोटे और मध्यम आकार के देश भी अब अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए अमेरिका के सामने झुकने को तैयार नहीं होंगे।

अमेरिका के इस विवादास्पद रुख के कारण उसकी वैश्विक विश्वसनीयता पर भी असर पड़ रहा है। ट्रंप प्रशासन की अमेरिका फर्स्ट नीति अब सहयोगी देशों को असमंजस में डाल रही है। इससे पहले, अमेरिका कई अंतरराष्ट्रीय संधियों और समझौतों से पीछे हट चुका है, जिससे उसकी छवि एक अविश्वसनीय सहयोगी के रूप में बन रही है। अब इस घटना के बाद, कई यूरोपीय और एशियाई देश अपने स्वतंत्र कूटनीतिक और आर्थिक रास्ते तलाशने शुरू कर देंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की बेबाकी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई उनकी तीखी बहस ने वैश्विक राजनीति को एक नया मोड़ दे दिया है। यह स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका अब वह महाशक्ति नहीं रहा जिस पर पूरी दुनिया आंख मूंदकर विश्वास कर सके। भविष्य में अन्य देश भी अमेरिका के सामने मजबूती से खड़े होंगे और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर अधिक ध्यान देंगे।

अमेरिका अब अपने हितों को प्राथमिकता देने के लिए अपने सहयोगियों को दबाव में लेने की रणनीति अपनाने की कोशिश कर रहा है, यूरोपीय देशों और अन्य वैश्विक शक्तियों की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है अब विश्व राजनीति बहुपक्षीय दिशा में आगे बढ़ रही है, जहां अमेरिका को अपना वर्चस्व बनाये रखना संभव नहीं होगा।

# तंबाकू नियंत्रण : बीस बरस और भविष्य की राह



अमरपाल सिंह वर्मा



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी।

अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं।

संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।

डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषगांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।

तंबाकू उत्पादन के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तंबाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तंबाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। यकीनन, इस संधि के तहत बहुत काम किया गया है पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। डब्ल्यूएचओ के और अन्य विशेषज्ञ इस संधि के तहत तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन व प्रायोजकों पर रोक लगाने, नये तंबाकू व निकोटीन उत्पादों से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने जैसे विभिन्न उपायों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। इस दिशा में सक्रियता से काम होना चाहिए।

साथ ही, तंबाकू के प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाय जाना चाहिए कि तंबाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि यह एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# मुश्किल में फंसी तृप्ति डिमरी की 'धड़क 2

पिछले साल सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' की घोषणा की गई थी। फिल्म नवंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे साल 2025 तक के लिए टाल दिया गया। इस बीच चर्चा थी कि यह फिल्म इस साल होली के त्यौहार के आस-पास रिलीज हो सकती है। होली तो नजदीक आ रही है, लेकिन फिल्म का प्रमोशन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'धड़क 2' को सीबीएफसी से प्रमाणन प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं विस्तार सेज किस समस्या का करना पड़ रहा सामना? बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार पोर्टल को एक सूत्र ने बताया, धड़क 2 जाति के मुद्दों पर आधारित है और एक चौंकाने वाली कहानी है। सीबीएफसी की जांच समिति ने इस तरह की फिल्म के लिए निर्माताओं की सराहना की, लेकिन इसके कंटेंट की वजह से वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि फिल्म को क्या रेटिंग दी जानी चाहिए और कौन से सीन काटे जाने चाहिए, यदि कोई ऐसा सीन हो।

### सेंसर की मंजूरी के बाद शुरू होगा प्रमोशन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ट्रेड एक्सपर्ट ने पोर्टल को बताया कि 'धड़क 2' के निर्माता सेंसर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही फिल्म का प्रमोशन शुरू करेंगे। इसलिए, अगर उन्हें सीबीएफसी से मंजूरी मिल जाती है, तो 'धड़क 2' 14 मार्च को रिलीज हो सकती है या इसके डेट को आगे बढ़ाया जा सकता है।

### तमिल वर्जन पास तो 'धड़क 2' पर क्यों सवाल?

कहा जा रहा है कि 'धड़क 2' तमिल फिल्म 'परीयेरुम पेरुमल' का रीमेक है और इस फिल्म को सीबीएफसी के साथ किसी भी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा था। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि इसकी कहानी भी वही होगी तो फिर इस फिल्म पर सवाल क्यों उठ रहे हैं? साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'धड़क' भी इसी विषय पर आधारित थी। जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म मराठी फिल्म सैराट की रीमेक थी। फिल्म का मोशन पोस्टर जब रिलीज हुआ था, तो उस पर लिखा था, एक था राजा, एक थी रानी। जात अलग थी खतम कहानी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म जातीय मुद्दों पर आधारित होगी।



# निजी जिंदगी पर ट्रोल करने वालों को सबा ने दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की अभिनेत्री सबा आजाद अकसर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड होने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल होती हैं। हाल ही में उन्होंने स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया पर असहज होती हैं। जब भी उन्हें सोशल मीडिया पर कोई ट्रोल करता है, तो वह इससे प्रभावित होती हैं।

सोशल मीडिया से नहीं रह सकते दूर सबा आजाद ने कहा कि सोशल मीडिया थोड़ा अजीब है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार तीन दिन तक पोस्ट करती हूं और फिर एक महीने के लिए गायब हो जाती हूं। यह कलाकारों के लिए एक तरह का पोर्टफोलियो बन गया है। इससे ऐसे रिश्ता है कि इसके साथ नहीं रह सकते न ही इसके बिना रह सकते हैं। जैसे-जैसे लोगों में असंतोष बढ़ता है, वैसे-वैसे ऑनलाइन इस तरह का व्यवहार भी बढ़ता है।

### चमड़ी मोटी हो गई है

सबा ने आगे कहा कि अगर आप खुश इंसान हैं तो आप एक फेक अकाउंट बनाकर किसी को ट्रोल नहीं करेंगे। हम उस इंसान की फिक्र क्यों करें जो बिना नाम, बिना चेहरे का है और अपनी जिंदगी से निराश है। सबा ने आगे कहा कि उन्हें इतना ट्रोल किया गया है कि अब उनकी चमड़ी मोटी हो गई है। सबा ने बताया कि नाराज होने के बजाए दूसरा रास्ता यह है कि इसे देखा जाए। मैं दुखी हूं कि ट्रोलर्स को ये सब करना पड़ा रहा है। सबा ने आगे कहा शुरूआत में मैंने सोचा कि अगर मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं, तो आपको क्या दिक्कत है? लेकिन फिर, जब मैंने इस पर विचार किया, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ दुखद है, और इसके लिए अपनी नींद खराब करना जरूरी नहीं है। लेकिन अब मेरी चमड़ी मोटी हो गई है। मैंने भले ही लंबे वक्त तक दूसरा गाल आगे कर रखा हो, लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझमें अभी भी जवाब देने की ताकत है। अब आप मुझसे ये उम्मीद नहीं कर सकते कि मैं खामोश रहूं। मुझे परवाह नहीं कि अब लोग मुझे क्या कहेंगे। हाल ही में जब हू इज योर गाइनैक के दूसरे सीजन का शो रिलीज किया गया तब किसी ने कहा कि वह ऋतिक की गर्लफ्रेंड हैं इसलिए उन्हें काम करने की जरूरत नहीं है। इस पर सबा ने ट्रोलर को जवाब दिया था।

### रिश्ते के बारे में

सबा और ऋतिक रोशन ने साल 2022 में एक दूसरे को डेटिंग करना शुरू किया। दोनों ने अपने रिश्ते का ऐलान अक्टूबर 2022 में किया। तब ऋतिक ने सबा के साथ तस्वीर शेयर की थी। तभी से सबा को ऋतिक की गर्लफ्रेंड होने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में सबा आजाद को क्राइम बीट में देखा गया। इस फिल्म में सबा के अलावा सुधीर मिश्रा और संजीव कौल हैं। इसमें साकिब सलीम, राहुल भट्ट के अलावा दानिश हुसैन हैं। यह फिल्म सोमनाथ बताब्याल की नॉवेल द प्राइस यू पे पर आधारित है। इसमें खोजी पत्रकारिता और रिपोर्टिंग के बारे में दिखाया गया है।



# क्या शाहरुख खान की 'पठान' का बनेगा प्रीक्वल? जॉन अब्राहम ने कहानी को लेकर हिंट दिया

इन दिनों जॉन अब्राहम अपनी फिल्म 'डिप्लौमेट' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में जॉन ने असल डिप्लौमेट रहे जेपी सिंह का रोल किया है। फिल्म की कहानी पाकिस्तानी में फंसी, भारत की एक बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की है। इस फिल्म को लेकर तो जॉन खुश हैं। साथ ही वह चाहते हैं कि प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा फिल्म 'पठान' का प्रीक्वल भी बनाएं।

### बनना चाहिए 'पठान' का प्रीक्वल

हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए गए एक इंटरव्यू में एक्टर जॉन अब्राहम कहते हैं, 'मैं किसी फ्रैंचाइजी फिल्म का हिस्सा तभी बनता हूं, जब उसमें मेरा किरदार खास होता है। जैसे फिल्म 'पठान' में जिम का मेरा रोल बहुत ही कूल, स्पेशल था।' आगे वह कहते हैं, 'आदित्य चोपड़ा को पठान का प्रीक्वल बनाना ही चाहिए। इसमें मेरे किरदार जिम की बैक स्टोरी क्या है, इसे दिखाया जा सकता है। उम्मीद है कि हम इस फिल्म का प्रीक्वल करेंगे।

### कहानी को लेकर क्या बोले जॉन

फिल्म 'पठानी' की कहानी को लेकर भी जॉन बताते हैं कि उनके किरदार जिम के पास्ट के बारे में दर्शकों को पता होना चाहिए। दरअसल, वह मानते हैं कि जिम के किरदार में दम है, उसकी कहानी अच्छी बन सकती है। साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या वह यशराज यूनिवर्स की फिल्म 'वॉर' में उनके किरदार जिम के लिए कोई संभावना बन सकती है। तो इस पर भी जॉन का कहना है कि कुछ भी संभव हो सकता है।

### पठान में विलेन बने थे जॉन

शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन के रोल में थे, इस किरदार में कई लेयर्स देखी गईं। शाहरुख के किरदार पठान को यह किरदार अच्छी खासी टक्कर देता है। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी एक अहम रोल नजर आईं।

### इन फिल्मों में भी आएंगे नजर

जॉन अब्राहम फिल्म 'डिप्लौमेट' के अलावा कुछ और फिल्मों में भी अभिनय कर रहे हैं। इसमें 'तेहरान' और 'तारिक' जैसी फिल्में भी शामिल हैं। इन फिल्मों से जॉन बतौर प्रोड्यूसर भी जुड़े हुए हैं।

# तंडेल की सफलता के बाद डीजे बने नागा चैतन्य

नागा चैतन्य इन दिनों अपनी फिल्म तंडेल की सफलता का जश्न मना रहे हैं। अब नागा चैतन्य की एक प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शोभिता धुलिपाला ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पति की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे डीजे बन गए हैं। नागा चैतन्य ने डीजे की भूमिका निभाई और अपने अंदर के संगीतकार को डेक पर उतारा। फोटो में नागा चैतन्य को प्रोफेशनल सेटअप के साथ म्यूजिक मिक्सिंग में व्यस्त दिखे। स्वेटर के साथ कैजुअल कपड़े पहने वह अपने गले में हेडफोन लटकाए डीजे की तरह ध्यान केंद्रित करते हुए दिख रहे थे। शोभिता ने तस्वीर साझा करते हुए चैतन्य को टैग किया और दिल वाले इमोजी भी बनाए।




# करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने मार्को निर्देशक के साथ मिलाया हाथ, एक्शन फिल्म पर साथ करेंगे काम

मलयालम सिनेमा के एक्शन स्टार हनीफ अदेनी बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और वह इसे अपने स्टाइल में कर रहे हैं। मार्को की भूमिका में धमाल मचाने के बाद फिल्म निर्माता को किसी और ने नहीं, बल्कि करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक धमाकेदार एक्शन फिल्म के लिए साइन किया है, जो जितनी दमदार है, उतनी ही मजेदार भी है। द ग्रेट फादर (2017) और मिखेल (2019) जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनीफ अदेनी ने एक बार फिर मार्को के साथ अपनी प्रतिभा साबित की, जो एक क्रूर और अथक एक्शन से भरपूर फिल्म है। अब, वह अपनी सिग्नेचर हाई-इम्पैक्ट स्टोरीटेलिंग को हिंदी सिनेमा में लाने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर आगामी प्रोजेक्ट को बहुभाषी रिलीज के लिए प्लान किया जा रहा है। फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

### आधिकारिक एलान का इंतजार

हनीफ अदेनी के जुड़ने से धर्मा प्रोडक्शंस बैनर बड़े पर्दे पर एक्शन की उम्मीद जगा रहा है। दूसरी ओर इसके आधिकारिक एलान का इंतजार है। साथ ही कलाकारों की घोषणा होनी भी बाकी है। हनीफ अदेनी एक फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं, जो मलयालम सिनेमा में काम करते हैं। उन्होंने 2017 की फिल्म द ग्रेट फादर से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। पटकथा लेखक के रूप में उनका अगला काम अमीर है, जिसमें ममूटी मुख्य भूमिका में हैं। धर्मा प्रोडक्शंस अब कई प्रोजेक्ट्स की रिलीज की तैयारी कर रहा है, जिनमें से एक है- केसरी- चैप्टर 2, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म राजनेता और वकील सी. शंकरन नायर के इर्द-गिर्द घूमती वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इसके साथ ही, धड़क 2 भी है, जो 2018 की तमिल फिल्म परियेरम पेरुमल पर आधारित एक शक्तिशाली लव ड्रामा है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं।






# संजय दत्त ने बताया, कब तांडव मचाएगी 'द भूतनी'


अभिनेता संजय दत्त अपनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेता ने बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर सोशल मीडिया पर अपकमिंग एक्शन-हॉरर कॉमेडी के टाइटल के साथ ही रिलीज की तारीख भी बताई। इंस्टाग्राम पर एक्टर का पोस्ट शेयर करते हुए सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर ने बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम 'द भूतनी' रखा गया है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता संजय दत्त ने लिखा, इस गुड फ्राइडे, डर को एक नई डेट मिल गई है। पहले से कहीं ज्यादा हॉरर, एक्शन और कॉमेडी के लिए तैयार हो जाइए! 'द भूतनी' मचाएगी तांडव।

बता दें, पहले अपकमिंग फिल्म का नाम 'द वर्जिन ट्री' था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'द भूतनी' रख दिया गया है। निर्माताओं ने फिल्म का एक छोटा टीजर भी शेयर किया, जो हमें रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाती है, जहां प्यार, अंधकार में बदल जाता है। सिद्धांत सचदेव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और आसिफ खान जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के तहत दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने फिल्म का निर्माण किया है। निर्माताओं ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म का एक डरावना पोस्टर शेयर किया था, जिसमें घोषणा की थी कि प्रोजेक्ट का टाइटल और रिलीज की तारीख 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सामने आएगी। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, महादेव की भक्ति में शक्ति है! बहुत हुआ इंतजार! बाबा तारीख तय कर रहे हैं! वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त के पास बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम टू द जंगल' भी है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त के साथ अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, संजय दत्त के पास 'सन ऑफ सरदार 2' भी है, जिसमें वह अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ मुख्य भूमिका में हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में तैयार इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के सहयोग से देवगन फिल्म्स के बैनर तले किया है।



# निर्देशक अरुण माथेश्वरन की फिल्म में दिखेंगे अक्षय

अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल अक्षय निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अरुण बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं। फिल्म एक्शन थ्रिलर होने वाली है। फिल्म काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है।



# भारत बनाम न्यूजीलैंड: चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप पर पहुंचने की जंग

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना आखिरी लीग मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मुकाबला तय करेगा कि ग्रुप ए में कौन सी टीम शीर्ष पर रहेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। अब तक भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को भी 6 विकेट से मात दी। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को 60 रनों से हराया और फिर बांग्लादेश को 5 विकेट से शिकस्त दी। ऐसे में दोनों टीमें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी।

इस टूर्नामेंट में अब तक तीन मैच बारिश की वजह से प्रभावित हुए हैं। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच भी बारिश के कारण नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच आधा ही खेला जा सका और अंकों का बंटवारा हुआ। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले पर मौसम का क्या असर पड़ेगा।

राहत की बात यह है कि मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को दुबई में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और ह्यूमिडिटी 47त्न तक होगी। मैच के दौरान हवा की गति 29 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना केवल 5त्न ही जताई गई है। इसका मतलब यह है कि फैंस को पूरे 50 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

भारतीय टीम की अगुआई कप्तान रोहित शर्मा करेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में होगी। भारत के लिए विराट कोहली, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे, ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सैंटनर पर निर्भर रहेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2¬30 बजे से शुरू होगा। भारत में इसे स्पोर्ट्स18 एचडी और स्पोर्ट्स18 एसडी चैनलों पर लाइव देखा जा सकता है।




### मौसम और पिच रिपोर्ट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह हाई-वोल्टेज मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अच्छी खबर यह है कि मौसम पूरी तरह से मैच के अनुकूल रहेगा। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, दुबई में रविवार को तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि ह्यूमिडिटी 47 फीसदी तक रहेगी। हवा की गति 29 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और आसमान साफ रहेगा। बारिश की संभावना केवल 5 फीसदी है, जिससे पूरे मैच के सुचारू रूप से संपन्न होने की उम्मीद है।

वहीं पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच को धीमा बताया जा रहा है, जहां स्पिनर्स को मदद मिलने की संभावना है। पिच पर गेंद थोड़ा रुककर आती है, जिससे शुरुआती बल्लेबाजों को परेशानी हो सकती है। हालांकि, सेट होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो सकती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में उसे जीत मिली है और केवल 1 में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था, उसी तरह न्यूजीलैंड को भी मात देकर सेमीफाइनल में मजबूती से कदम रखेगी। अब देखना यह होगा कि सुपर संडे का यह रोमांचक मुकाबला किसके नाम होता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारतीय - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव।

**न्यूजीलैंड** - विल यंग, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के।

# चैंपियंस ट्रॉफी: अफगानिस्तान से हार से दुखी इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप से बाहर होने के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने घोषणा की कि वह कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी बार टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने कहा कि वह इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ रहे हैं। यह उनके और टीम के लिए सही फैसला है। उम्मीद है कि ब्रेंडन मैकुलम के साथ कोई और आ सकता है जो टीम को वहां ले जाएगा जहां इसकी जरूरत है।

बटलर इंग्लैंड के लिए खेलना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वह वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी हावी भावनाएं उदासी और निराशा हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है, समय के साथ, यह बीत जाएगा और वह अपने क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे और यह भी प्रतिबिंबित करने में सक्षम होंगे कि अपने देश की कप्तानी करना कितना बड़ा सम्मान है और इसके साथ आने वाली सभी विशेष चीजें।

बता दें बटलर को जून 2022 में इयोन मोर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया था और उन्होंने उस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीता था, लेकिन लगातार तीन असफल आईसीसी आयोजनों 2023 में 50 ओवर विश्व कप, 2024 में टी20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब उनपर दबाव बन गया था। इंग्लैंड क्रिकेट के परिणामों में तेजी से गिरावट आई थी जिसका जिम्मेदार बटलर को माना गया था।

बटलर ने अफगानिस्तान से इंग्लैंड की 8 रन से हार के बाद संकेत दिया कि वह साल 10 मैचों में नौवीं हार मिलने पर इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा था कि उन्हें सभी संभावनाओं पर विचार करने और इस पर काम करने की जरूरत है कि क्या वह समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का।

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, मैथ्यू शॉर्ट सेमीफाइनल से हो सकते हैं बाहर



**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बिना कोई मैच जीते सेमीफाइनल में पहुंच चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लग सकता है। टीम के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके आगामी मुकाबले में खेलने पर संशय बना हुआ है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि शॉर्ट अभी संघर्ष कर रहे हैं और उनके ठीक होने के लिए कुछ दिन काफी कम हैं। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि उनकी जगह कौन सा खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होगा, लेकिन माना जा रहा है कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका मिल सकता है। मैथ्यू शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 102 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 83 रन बनाए हैं, जिससे वह टीम के अहम बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप पर असर पड़ सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया 274 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और 13 ओवर में एक विकेट खोकर 109 रन बना चुकी थी। लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और करीब एक घंटे की देरी के बाद अंपायरों ने गीली पिच की वजह से मैच रद्द करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। टीम को अब यह जानने के लिए रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले का इंतजार करना होगा कि उसका सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को दुबई में होगा या 5 मार्च को लाहौर में।

# न्यूजीलैंड 5 खब्बू बल्लेबाजों के साथ खेलेगी, शमी की जगह अर्शदीप को मिलेगा मौका

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम में 5 खब्बू बल्लेबाजों की मौजूदगी और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी को पिंडली में हुई हल्की परेशानी के कारण भारतीय टीम प्रबंधन रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में इस अनुभवी तेज गेंदबाज को आराम देकर अर्शदीप सिंह को उतार सकता है। शुक्रवार को अभ्यास सत्र को संकेत माने तो पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप इस मैच में शमी की जगह खेल सकते हैं। उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी अभ्यास किया और 13 ओवर डाले।

शमी ने छोटे रनअप के साथ सिर्फ छह सात ओवर फेंके। पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी के मैच में शमी को तीसरे ओवर के बाद ही फिजियो से दाहिने पैर में उपचार कराना पड़ा था। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के हावभाव से लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल से पहले शमी को ब्रेक दे सकता है। केएल राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि विजयी संयोजन में बदलाव होगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता लेकिन सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शाम को संकेत दिया कि गेंदबाजी संयोजन में बदलाव हो सकता है।



### टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अर्शदीप का प्रदर्शन

अर्शदीप ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में उन्होंने 8 मैचों में 17 विकेट लिए, जो किसी एक संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट का रिकॉर्ड है (फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त)। उनका औसत 12.64 और इकोनॉमी रेट 7.16 रहा। फाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट लिए, जिससे भारत ने 169 रन का स्कोर डिफेंड किया।

### अर्शदीप का वनडे प्रदर्शन

अर्शदीप ने हाल में ज्यादा वनडे नहीं खेले हैं। उनका आखिरी वनडे दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था, जहां उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट लिए थे, जिसमें एक फाइव-विकेट हॉल (5/37) शामिल था। इसके बाद से वे मुख्य रूप से टी20 पर केंद्रित रहे हैं।

# सरफराज को जून में मिल सकता है टेस्ट खेलने का अवसर

नई दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं।



सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं।

# पसंदीदा कवर ड्राइव से पारी को नियंत्रित करते हैं विराट




दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि कवर ड्राइव उनका पसंदीदा शॉट है। कोहली के अनुसार इस शॉट से वह पारी को नियंत्रित भी कर पाते हैं हालांकि कभी-कभी ये नुकसान देह भी रहा है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफ में शतक के दौरान भी कई कवर ड्राइव लगाये थे। कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए एक वीडियो में कहा कि ये एक कठिन स्थिति है। ये कवर ड्राइव पिछले कुछ साल में मेरी कमजोरी रहा है हालांकि इसी शॉट से उन्होंने काफी रन भी बनाये हैं। ,कोहली ने कहा, ''क्योंकि जब मैं इस तरह के शॉट लगाता हूं तो मैं क्रीज पर बल्लेबाजी करते समय नियंत्रण महसूस करता हूं। इसलिए पाक के खिलाफ खेली गयी पारी मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छी पारी थीफ्र। उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका पिछले कुछ साल में बदलाव रहित रही है। एक बात जो मैंने हमेशा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय सोची है, वह है जोखिम को कम करना और यह तय करना कि मैं अपनी टीम को जीत की स्थिति में बनाये रखूं। विराट जब पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में जब शतक लगाने के करीब थे, तो उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े अक्षर पटेल इस बात का हिसाब लगा रहे थे कि किस प्रकार खेला जाये जिससे विराट शतक तक पहुंच पायें।

# संयम रखे अफगानिस्तान तो एक दशक में जीत लेगा आईसीसी टूर्नामेंट : डेल स्टेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है। अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है।




स्टेन ने कहा कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम इंस्टाग्राम स्टोरी को भी महज मुश्किल से दो सेकेंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं। उन्होंने कहा कि संयम सबसे बड़ी चीज में से एक है जिसे अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को सीखने की जरूरत है। और एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे तो अगले दशक में वे निश्चित रूप से आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं।

स्टेन ने कहा कि वे चाहते हैं कि चीजें इतनी जल्दी हो जायें कि हर गेंद विकेट लेने वाली होनी चाहिए। पारी बनाते हुए और विकेट लेने के लिए संयम नहीं है। बल्लेबाज भी ऐसा ही करते हैं। पहले ओवर में बल्लेबाजी में ही क्रीज पर इतनी अधिक हलचल होती क्योंकि वे छक्का मारने की कोशिश करते हैं और वे पारी को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

अफगानिस्तान की टीम इंग्लैंड को हराने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन तरफा मुकाबले में थी। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से पहले मैच में हारने और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनल के बारिश की भेंट चढ़ने से उसे काफी नुकसान हुआ।

आंकड़ों के हिसाब से अफगानिस्तान की टीम अब भी क्वालीफाई कर सकती है, अगर इंग्लैंड की टीम शनिवार को दक्षिण अफ्रीका पर बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ले। लेकिन इसकी संभावना कम है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रेट 2.140 है जो अफगानिस्तान के माइनस 0.990 से काफी बेहतर है।

# जब सीमा पर शांति होगी तभी खेली जाएगी भारत-पाक द्विपक्षीय सीरीज : गावस्कर

मुम्बई। भारत और पाकिस्तान ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। दोनो ही टीमों ने अंतिम बार कोई सीरीज साल 2012-13 में खेली थी। तब पाक टीम भारत दौरे पर आई थी। इसके बाद से ही राजनीतिक तनाव के चलते भारतीय टीम ने पाक दौरे से इंकार कर दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण खिलाड़ियों की सुरक्षा का भी है। भारतीय टीम अभी जारी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने मुकाबले दुबई में खेल रही है जबकि इस टूर्नामेंट का मेजबान पाक है। वहीं जब एक शो में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से पूछा गया कि भारतीय टीम कब पाक के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी तो गावस्कर ने कहा कि जब तक सीमा पर शांति नहीं हो जाती, तब तक द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों की बहाली संभव नहीं है। गावस्कर ने कहा कि जब सीमा पर शांति होगी तो तभी खेल भी संभव है। अगर सीमा पर शांति रहती है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी, देखिए ठीक है हमारे यहां कोई घटना नहीं हुई बिल्कुल भी नहीं। तो चलिए कम से कम बाचतीत से शुरुआत करते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि बातचीत के प्रयास चल रहे होंगे पर जब तक जमीन पर सब कुछ ठीक न हो कुछ कहा नहीं जा सकता। आये दिन हम आतंकी घुसपैठ की बातें सुनते हैं। इसी कारण भारत सरकार कह रही है कि पहले पाक अपनी हरकतें रोके उसके बाद ही खेल होना संभव है।



# शमी खतरनाक गेंदबाज, हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का ढूंढते हैं तरीका

**-केएल राहुल ने किया खुलासा, कीपिंग के अनुभव किए साझा**

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मुकाबले से पहले मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह में से खरतनाक कौन? वाले सवाल का जवाब दिया है। बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिला है। इस दौरान टीम इंडिया के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहम्मद शमी का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन शानदार रहा है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। इस बीच राहुल ने शमी के सामने कीपिंग के अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया है।

राहुल ने खुलासा किया कि मोहम्मद शमी हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का एक तरीका ढूंढते हैं, अक्सर उन्हें फुल-लेंथ डाइव लगाने के लिए मजबूर करते हैं। राहुल ने बुमराह से ज्यादा शमी को तवज्जो दी है और कहा कि विकेटकीपिंग के दौरान शमी के खिलाफ मुश्किल बात यह है कि हर खेल में किसी न किसी तरह वह यह तय करते हैं कि मैं पूरी लंबाई में गोता लगाऊं और फिर वह मुझे स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन करने या कभी-कभी बेवकूफ दिखने के एक या दो मौके देते हैं।

उन्होंने कहा कि शमी, बुमराह के साथ मिलकर प्रभाव पैदा करते हैं। राहुल ने हाल के नेट सत्र को याद किया जहां शमी की तेज़ गति ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नेट पर शमी ने मुझे सीधे बैज पर मारा। इसलिए ये सभी चीजें उसे एक बहुत ही मुश्किल गेंदबाज बनाती हैं जिसके खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। राहुल ने कहा कि बुमराह दूसरे या तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता



कि इसका किसी चीज से क्या लेना-देना है, लेकिन वह स्टंप के पीछे भी गेंद को डगमगाते हैं। इसलिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। अपने प्राकृतिक सीम मूवमेंट से परे, राहुल ने शमी की सटीकता और तीक्ष्णता पर जोर दिया, ऐसे पहलू जिनकी अक्सर सराहना नहीं की जाती है।

# सहायक कोच ने बताया पंत के बाहर बैठने का कारण

नई दिल्ली। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और अब ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान पाने के लिए उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं, लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें तैयार रखना चाहता है। भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि पंत के लिए बाहर बैठना आसान नहीं रहा, लेकिन इस स्तर के क्रिकेट में ऐसा होता है। उन्होंने कहा, ऋषभ के लिए बाहर रहना मुशिकल रहा है, लेकिन क्रिकेट का नेचर यही है। केएल राहुल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, हालांकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले, क्योंकि हमें पंत को भी तैयार रखना था। हमें नहीं पता कि कब उनकी जरूरत पड़ जाए, लेकिन दो शानदार विकेटकीपर टीम में होना हमेशा फायदेमंद रहता है। डोइशे ने आगे बताया कि न्यूजीलैंड के पास चार स्पिनर हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो सकता है। उन्होंने कहा, यह स्पिनरों की टक्कर होगी। टूर्नामेंट से पहले हमने नहीं सोचा था कि स्पिनर्स इतनी अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन पिच ने भी उनकी मदद की है। मुझे यकीन है कि अगले मैच में भी स्पिनरों का प्रभाव देखने को मिलेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला बेहद अहम होने वाला है। जहां भारतीय टीम की नजर ग्रुप में टॉप पर रहने पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड भी इस मैच को जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।



# चैंपियन ट्राफी के फाइनल में इंडिया-आस्ट्रेलिया हो सकते हैं आमने-सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियन ट्राफी 2025 के तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जबकि चौथी टीम आज होने वाले मैच पर तय होगी। टीम इंडिया के बाद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल्स के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। चौथी टीम साउथ अफ्रीका हो सकती है। साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जीत जरुरी नहीं। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्ल्ड कप 2023 जैसे स्थिति बन सकती है और चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है।

बता दें वर्ल्ड कप 2023 की सेमीफाइनल्स इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच हुआ था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी यही चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं, जिनमें से भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ जीत मिलती है तो साउथ अफ्रीका टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी और अगर इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका की टीम मैच हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल खेलेगी।

इसके लिए साउथ अफ्रीका को अगर इंग्लैंड ने 300 रन बनाए तो 207 या इससे ज्यादा रनों से हार नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की और 300 रन बनाए तो इंग्लैंड को 11.1 ओवर में उस टारगेट को चेज नहीं करने देना चाहिए। अगर इससे बच जाती है और साउथ अफ्रीका की टीम मुकाबला हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि साउथ अफ्रीका के तीन पॉइंट रहेंगे और अफगानिस्तान से उसका नेट रन रेट बेहतर रहेगा।

माना जा रहा है कि इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हो सकता है। अगर पहला सेमीफाइनल इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच होता है और दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच और दोनों टीमें अपने सेमीफाइनल्स जीत जाएं तो फिर फाइनल में दोनों का मुकाबला हो सकती है। अगर साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को हरा दिया तो फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे पायदान पर होगी, जबकि इंडिया ने न्यूजीलैंड को हरा दिया तो भारत की टीम ग्रुप ए में नंबर वन होगी। ऐसे में इन दोनों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।



# दिल्ली में महिलाओं के आने वाले हैं अच्छे दिन, इस दिन से मिलना शुरू हो जाएंगे 2,500 रुपये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में महिलाओं को 8 मार्च तक भाजपा सरकार के वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत 2,500 रुपये प्रति माह मिलना शुरू हो जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इसका संकेत दिया था। यह पहल, जो भाजपा का एक महत्वपूर्ण अभियान प्रतिज्ञा थी, महिलाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इससे पहले, आप सरकार ने महिला सम्मान योजना शुरू की थी, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक प्रदान किए जाते थे, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की योजना है।

दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने, गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और गरीब परिवारों को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पहल के लिए गुरुवार तक प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि महिला सम्मान योजना को महिला समृद्धि योजना के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जा रहा है, जिसके लाभार्थियों को अब प्रति माह 2,500 रुपये मिलेंगे, जो कि AAP सरकार द्वारा पहले वितरित किए गए 1,100 रुपये से एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।



भाजपा सरकार ने सबसे पहले लाडली बहना योजना शुरू की, जिसने राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। तब से पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों ने इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं जो महिलाओं के खातों में सीधे नकद जमा प्रदान करती हैं। 19 फरवरी को भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गईं रेखा गुप्ता ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता को प्राथमिकता देने के निरंतर महत्व पर जोर दिया। दिल्ली चुनावों की अगुवाई के दौरान, AAP ने अपने प्रमुख वादों में से एक के रूप में 2,100 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने का वादा किया था।

## दिल्ली को इस महीने 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी : परिवहन मंत्री पंकज सिंह

दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि इस महीने राष्ट्रीय राजधानी को 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दिल्ली का परिवहन विभाग वर्तमान में 235 करोड़ रुपये के घाटे में है। मंत्री ने कहा कि सरकार एक योजना पर काम कर रही है और उसका लक्ष्य एक साल के भीतर इस क्षेत्र को मुनाफे में लाना है। सिंह ने कहा, ''इस महीने हम दिल्ली में 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें लाएंगे।'' दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार में छह कैबिनेट मंत्रियों में शामिल सिंह ने 20 फरवरी को शपथ ली थी। परिवहन, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के मंत्री सिंह ने दिल्ली की परिवहन प्रणाली को जनता के लिए अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सिंह ने कहा, ''हमें सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को निजी वाहनों पर कम निर्भर रहना पड़े। हमारा पहला कदम दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करना होगा, उसके बाद परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए और सुधार किए जाएंगे।''

## श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट हुआ हैक, फैंस को दी सतर्क रहने की चेतावनी

मुंबई । मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों को आगाह किया है कि उनका एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। उन्होंने फैंस से आग्रह किया कि वे उनके अकाउंट से किए गए किसी भी पोस्ट, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और न ही उन पर क्लिक करें। शनिवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक पोस्ट में श्रेया ने बताया कि कई कोशिशों के बावजूद वह अपना अकाउंट रिकवर नहीं कर पाई हैं। उन्होंने लिखा, सभी प्रशंसकों और दोस्तों को नमस्कार। मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने की हर संभव कोशिश की, लेकिन सिर्फ कुछ ऑटो-जवाब ही मिले, कोई मदद नहीं मिली। अब मैं अपने अकाउंट में लॉगिन भी नहीं कर सकती और न ही इसे डिलीट कर सकती हूं। कृपया उस अकाउंट से आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी मैसेज पर भरोसा करें। ये सभी फर्जी और धोखाधड़ी वाले लिंक हैं। अगर मेरा अकाउंट वापस मिल जाता है और सुरक्षित होता है, तो मैं खुद वीडियो के जरिए इसकी जानकारी दूंगी। इस बीच, श्रेया हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी-ओबेसिटी (मोटापा विरोधी) अभियान का समर्थन करने को लेकर चर्चा में रही हैं। श्रेया ने एक वीडियो साझा कर कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंटी-ओबेसिटी अभियान शुरू किया है। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। इसके लिए हमें अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। आइए, सही खान-पान अपनाने की शपथ लें, तेल और चीनी का सेवन कम करें, पोषण से भरपूर और मौसमी भोजन खाएं, और बच्चों को भी पौष्टिक आहार दें। अच्छी सेहत ही असली संपत्ति है। इसलिए, छोटे-छोटे बदलाव करके हम देश में बड़ा असर ला सकते हैं। मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व है, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है। आइए, एक स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं, क्योंकि यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी विरासत होगी। गौरतलब है कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता मोहनलाल, आर. माधवन, निरहुआ और गायिका श्रेया घोषाल को इस अभियान में शामिल होने के लिए नामांकित किया था।



## पुणे रेप केस का आरोपी गिरफ्तार , डिप्टी सीएम अजित बोले- ऐसी घटनाएं कहीं भी नहीं होनी चाहिए

पुणे। पुणे रेप केस के आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे को पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए ड्रोन, खोजी कुत्तों, 13 पुलिस टीमों और खुफिया विभाग की मदद ली गई। आरोपी पुणे जिले के शिरूर तहसील के गुनात गांव के पास धान के खेत में छिपा हुआ था। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इस घटना पर बयान दिया और कहा, कि गुरुवार तक लोग सवाल उठा रहे थे कि आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। हमने उसे पकड़ने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया। वह धान के खेत में छिपा था और उसकी स्थिति ऐसी थी कि उसने आत्महत्या करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त कानून लागू किए जाएंगे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी को थर्मल इमेजिंग कैमरों से लैस ड्रोन की मदद से ट्रैक किया। इससे हवाई तस्वीरें प्राप्त हुईं, जिससे पता चला कि आरोपी खेत में छिपा है। आधी रात को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पुणे सत्र न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## बिहार में बर्ड फ्लू से कई कौओं की मौत, प्रशासन ने जारी किए सतर्कता के निर्देश

पटना । बिहार के जहानाबाद जिले में हाल ही में हुए असामान्य घटना ने लोगों में चिंता और हलचल मचा दिया है। 18 फरवरी को कई कौओं की मौत का कारण बताया जा रहा है बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा एच5एन1)। जिला प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सतर्कता के निर्देश जारी किए हैं। आधिकारिकों का कहना है कि कोलकाता स्थित आरडीडीएल संस्थान की जांच रिपोर्ट में मृत कौओं में एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई है। जिले के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और बीमार या मृत पक्षियों से दूर रहने की सलाह दी है। इस परिस्थिति को संभालने के लिए परिवारों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है तथा पोल्ट्री फार्मों में सफाई का काम चल रहा है। अगर और मामले सामने आते हैं, तो संक्रमण को रोकने के लिए पक्षियों को मारने का फैसला लिया जा सकता है। संबंधित अधिकारियों ने बात करते हुए कहा कि घरेलू मुर्गियों में भी संक्रमण का पता चलेगा। प्रभावित क्षेत्रों में दी गई सोडियम हाइपोक्लोराइट की छीड़काव की गई है ताकि वायरस का फैलाव रोका जा सके। विभिन्न उद्यमी इकाइयों और लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल के लिए सरकार ने सभी जरूरी कदम उठाने की पुष्टि की है। इस अचानक घटना से स्थानीय जनता में चिंता और अस्त-व्यस्ति महसूस हो रही है और प्रशासन ने स्थिति का त्वरित नियंत्रण करने के लिए संबंधित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## कमजोर पहाड़ी पर बर्फ का लोड बढ़ने और निर्माण से हो रहा हिमस्खलन !

नई दिल्ली। उत्तराखंड में कमजोर पहाड़ी पर बर्फ का लोड बढ़ने से हिमस्खलन होता है। हिमस्खलन के बाद चट्टान से बर्फ समेत मलमा, बोल्डर ढलान से नीचे गिरते हैं। ज्यादातर 3000 से 3500 मीटर से की ऊंचाई पर हिमस्खलन होता है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव के बीच हुई झड़प में बीएसएफ जवान घायल

सिपाहीजाला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में 28 फरवरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और घुसपैठियों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक बीएसएफ जवान और एक बांग्लादेशी नागरिक घायल हो गया। जानकारी अनुसार घटना शाम 7:30 बजे की है, जब करीब 20 से 25 बांग्लादेशी घुसपैठियों ने बीओपी पुटिया क्षेत्र के पास सीमा स्तंभ (बीपी) 2050/7-एस से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। ये घुसपैठिए तस्करी गतिविधियों में शामिल थे। बीएसएफ गश्ती दल ने घुसपैठ रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने हथियार छीनने की कोशिश की और हमला कर दिया। हालात बेकाबू होते देख, एक बीएसएफ जवान ने आत्मरक्षा में गैर-घातक पंप एक्शन गन (पीएजी) से गोली चलाई। गोली लगने से एक बांग्लादेशी नागरिक घायल हो गया। इस बीच हुई झड़प में बीएसएफ का एक जवान भी घायल हो गया। दोनों ही घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी।

**मुंबई में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई**

इसी बीच, मुंबई पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर शिकंजा कसा। डीसीपी डॉ. प्रवीण मुंधे के नेतृत्व में मानखुर्द, वाशी नाका, कलंबोली, पनवेल, ढाणे, कल्याण और मुंब्रा में विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किए गए। जिनके खिलाफ पहले रिकॉर्ड नहीं था, उन पर नए केस दर्ज किए गए, जबकि पुराने अपराधियों के मामलों में नए आरोप जोड़े गए।

## उद्धव के महाकुंभ नहीं जाने के निकाले जा रहे सियासी मायने



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जिस विरासत को संभाला है वो कट्टर हिंदुत्व की छवि वाली है। हिंदुओं की संस्कृति और परंपराओं के लिए लगातार लड़ते रहे हैं। लेकिन महाकुंभ में तो विपक्ष से अखिलेश यादव को छोड़ कर कोई भी बड़ा नेता नहीं गया है, लेकिन निशाने पर उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र की राजनीति की वजह से आये हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से लेकर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले तक। रामदास अठावले ने तो उद्धव ठाकरे के साथ साथ राहुल गांधी को भी निशाना बनाया है - लेकिन, राहुल गांधी को निशाना बनाये जाने और उद्धव ठाकरे को टारगेट किये जाने में बड़ा फर्क भी तो है।

उद्धव ठाकरे अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर पूरे लाव लश्कर के साथ अयोध्या गये हुए थे, लेकिन ये कैसे भूल जाते हैं कि उनके महाकुंभ न जाने पर सवाल नहीं उठेंगे। क्योंकि, मुख्यमंत्री तो वो महाविकास आघाड़ी सरकार के ही थे, जिसमें राहुल गांधी की कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी भी शामिल थी। चूंकि सवाल एकनाथ शिंदे ने उठाया है, इसलिए उद्धव ठाकरे ने जवाब भी उनको ही दिया है, ये बात अलग है कि दोनो में से किसी ने भी सीधे सीधे एक दूसरे का नाम नहीं लिया है। अपने हिंदुत्व पर सवाल उठाये जाने पर उद्धव ठाकरे ने भी जवाब दे दिया है, 'गंगा में नहाने से कोई पाप नहीं धुलता है। एकनाथ शिंदे ने महाकुंभ में शामिल नहीं होने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे को लेकर कहा था कि वो खुद को हिंदू कहलाने से डरते हैं। मीडिया के पूछने पर एकनाथ शिंदे ने कहा, जो लोग महाकुंभ में शामिल नहीं हुए, उनसे पूछा जाना चाहिये कि वे हिस्सा क्यों नहीं लियेज् कहते रहते हैं कि वे हिंदू हैंज् बाल ठाकरे ने नारा दिया था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं, लेकिन अब वे खुद को हिंदू कहलाने से डरते हैं।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में आंधी के साथ बारिश होने की चेतावनी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली में शुक्रवार से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की बारिश हुई है। वहीं शनिवार सुबह की शुरुआत भी रिमझिम बारिश से हुई। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। कई राज्यों में आंधी तूफान के साथ बारिश भी संभावना जताई है।

आईएमडी ने पूर्वोत्तर भारत, असम और पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। ऐसा बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो रहे चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो रहा है।



अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हल्की बारिश होने की संभावना है, साथ ही कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। दो मार्च से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को और ज्यादा प्रभावित करने की उम्मीद है।

वहीं मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में बारिश और बर्फबारी होने की उम्मीद है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इसके अलावा पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग जगहों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है।


वहीं दक्षिणी और मध्य भारत के राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बारिश हो सकती है। इनमें से कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन की संभावना के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में हल्की बारिश और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश हो सकती है।

## उमर अब्दुल्ला ने बिजली विभाग को रमजान के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बिजली विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि रमजान के महीने में सहरी और इफ्तार के समय बिजली कटौती न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार से शुरू हो रहे रमजान के महीने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि लोग अपनी निर्वाचित सरकार से यह उम्मीद करते हैं कि इस पाक महीने के दौरान उन्हें किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''चूंकि कल से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, इसलिए लोगों को पूरी उम्मीद है कि सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी ताकि इस पवित्र महीने के दौरान उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।'' अब्दुल्ला ने निर्देश दिया, ''लोग चाहते हैं और हमें यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि सहरी और इफ्तार के समय बिजली कटौती न हो। किसी भी आवश्यक कटौती की योजना अच्छी तरह से बनाई जानी चाहिए और उचित समय-सारिणी के अनुसार दिन के समय कटौती की जा सकती है। जहां भी आवश्यक हो, रखरखाव कार्य भी दिन के समय ही किए जाने चाहिए।''

उन्होंने अधिकारियों को व्यवधानों से बचने के लिए सिस्टम संबंधी समस्याओं या दोषपूर्ण ट्रांसफॉर्मर का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। जलापूर्ति के बारे में अब्दुल्ला ने कहा कि हाल में हुई बर्फबारी और बारिश से स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन उन्होंने घरों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''अल्लाह की कृपा से पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश इस संबंध में लाभदायक रही है।''



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साफ-सफाई, खास तौर पर मस्जिदों और धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

## शिकायतकर्ता महिला है और उसका हर बयान सत्य मान लेना, यह सही नहीं

**-हाईकोर्ट ने कहा- आरोप झूठे तो पुलिस शिकायतकर्ता पर भी कर सकती है कार्रवाई**




**केरल (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामलों, खासकर यौन अपराधों में यह मान लेना कि शिकायतकर्ता का हर बयान सत्य है, तो यह गलत है। कोर्ट ने यह कहा कि वर्तमान समय में ऐसे मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने एक महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने के दौरान सुनवाई में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी की शिकायत की जांच नहीं की जिसमें उसने कहा था कि नौकरी से निकाले जाने के बाद महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दी थीं।

कोर्ट ने कहा कि एक आपराधिक मामले की जांच का मतलब केवल शिकायतकर्ता के पक्ष की जांच नहीं है, बल्कि आरोपी के मामले की भी जांच की जानी चाहिए। केवल शिकायतकर्ता महिला है यह मान लेना कि उसका हर बयान सत्य है, यह सही नहीं है। पुलिस केवल उसके बयान के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती है। आरोपी के मामले को भी गंभीरता से जांचना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि आजकल यह प्रवृत्ति बन गई है कि महिलाओं द्वारा पुरुषों पर यौन उत्पीड़न के आरोप झूठे होते हुए भी उन्हें फंसा दिया जाता है। यदि पुलिस यह पाती है कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे तो वह शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। ऐसा कानून भी कहता है।

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को झूठे आरोपों में फंसाया जाता है तो उसका नाम, समाज में प्रतिष्ठा और स्टेटस को नुकसान हो सकता है। केवल पैसे या मुआवजे से उसे वापस हासिल नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को सच की जांच में सतर्क और चौकस रहने की सलाह दी, ताकि अपराध मामलों की जांच के दौरान किसी निर्दोष व्यक्ति को सजा या नुकसान न हो।

बता दें महिला ने आरोप लगाया था कि कंपनी के प्रबंधक ने उसके हाथों को यौन उत्पीड़न के उद्देश्य से पकड़ा। वहीं आरोपी ने पुलिस से शिकायत की थी कि महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दीं। उन्होंने इस संबंध में एक पेन ड्राइव में महिला की कथित बातें रिकॉर्ड करके पुलिस को सौंपी है। कोर्ट ने कहा कि यह एक ऐसा मामला था जिसमें जांच अधिकारी को आरोपी की शिकायत की भी जांच करनी चाहिए थी। कोर्ट ने आरोपी को पेन ड्राइव जांच अधिकारी के समक्ष पेश करने का आदेश दिया और जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वह उसकी जांच करें। जमानत का आदेश कोर्ट ने आरोपी को 50 हजार रुपए की जमानत राशि और दो सक्षम जमानतदारों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके अलावा आरोपी को जांच में सहयोग करने, गवाहों को प्रभावित या डराने की कोशिश न करने और जब भी जांच अधिकारी बुलाए पेश होने का आदेश दिया है।

## कमल हासन ने तीन-भाषा नीति पर स्टालिन के रुख का किया समर्थन

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति को लेकर सियासी गर्मी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के इस नीति के विरोध पर अभिनेता और मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हासन ने खुलकर समर्थन किया है। हासन ने स्टालिन को तमिलनाडु की रक्षा के लिए मजबूत ढाल बताते हुए उनकी तारीफ की है।



फिल्मी दुनियां के बेहतरीन अभिनेता और अब राजनीतिज्ञ कमल हासन ने दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, तमिलनाडु, तमिल भाषा और संस्कृति पर कई तरह के दबाव हैं। ऐसे समय में, स्टालिन अपने पूर्ववर्तियों की तरह राज्य की रक्षा के लिए मजबूत ढाल बनकर खड़े हैं। मैं उन्हें बधाई देता हूं। जनता जिंदाबाद!

**तीन-भाषा नीति का क्यों कर रहे विरोध**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूला का कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। स्टालिन ने कहा है कि छात्रों पर तीसरी भाषा का बोझ नहीं डालना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और उन्नत अनुवाद तकनीक भाषा की बाधाओं को दूर कर सकती है। छात्रों को मातृभाषा (तमिल) और अंग्रेजी पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

स्टालिन ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधा और कहा, वे कहते हैं कि उत्तर भारत में चाय, पूरी खरीदने या शौचालय इस्तेमाल करने के लिए हिंदी जरूरी है। लेकिन एआई के युग में किसी भाषा को थोपने की कोई जरूरत नहीं है।

वहीं तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने स्टालिन की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की आलोचना की है और कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग बढ़ रही है। राजभवन की ओर से एक्स पर जारी बयान में कहा गया है, कि तमिलनाडु के युवा महसूस कर रहे हैं कि राज्य की कठोर दो-भाषा नीति के कारण वे पड़ोसी राज्यों के युवाओं की तुलना में अवसरों से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में तमिलनाडु में भाषा नीति को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच टकराव बढ़ता दिख रहा है। स्टालिन और कमल हासन भाषा थोपने का विरोध कर रहे हैं।

## देशभर की अदालतों में 5.2 करोड़ मामले लंबित: न्याय प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे न्याय प्रक्रिया धीमी हो रही है और न्याय मिलने में देरी हो रही है। देश की न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है-सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और जिला अदालतें। इन अदालतों में मामले मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं- सिविल और आपराधिक। वर्ष 2025 में, देशभर में 5.2 करोड़ (52 मिलियन) से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से 1.8 लाख से अधिक मामले 30 साल से अधिक समय से लंबित हैं। सबसे अधिक 4.5 करोड़ मामले (85प्रतिशत) सिर्फ जिला अदालतों में लंबित हैं।

हालांकि मामलों के निपटारे में तेजी लाने के लिए सरकार और न्यायपालिका विभिन्न उपायों पर विचार कर रही हैं, जिनमें डिजिटल कोर्ट सिस्टम, वैकल्पिक विवाद समाधान, लोक अदालतों को बढ़ावा देना, और न्यायधीशों की संख्या में वृद्धि शामिल हैं। हालांकि, जब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक न्याय मिलने में देरी बनी रहेगी और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत में लंबित मामलों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। कई न्यायाधीशों और सरकारी अधिकारियों ने इसे भारतीय न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी चुनौती करार दिया है। नीति आयोग की 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, यदि उसी गति से मामलों का निपटारा होता रहा, तो पूरा बैकलॉग खत्म करने में 324 साल लग सकते हैं। वर्तमान में न्याय मिलने में हो रही देरी के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। 2022 में बिहार की एक अदालत ने एक व्यक्ति को सबूतों के अभाव में हत्या के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन वह पहले ही 28 साल जेल में बिता चुका था। देश में लंबित मामलों में भूमि और संपत्ति विवाद सबसे बड़ा हिस्सा रखते हैं। कुल लंबित मामलों में से 20 प्रतिशत भूमि और संपत्ति से जुड़े हुए हैं, जो कि सभी सिविल मामलों का 66 प्रतिशत है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निपटाए गए 25 प्रतिशत मामले भूमि विवादों से जुड़े होते हैं।

